अखबार नहीं आईना...

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, शनिवार, 6 अप्रैल 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 109 | पेज-08 | मूल्य- ₹1.00/-

**अनमोल विचार**

जितना अधिक आप उनमें अच्छाई देखेंगे, उतना ही आप अपने आप में अच्छा स्थापित करेंगे।

» परमहंस योगानंद

## न्यूज इन शॉर्ट

### कश्मीर में दो दहशतगर्द मार गिराए उड़ी में सेना ने चलाया ऑपरेशन

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। जिले के उड़ी सेक्टर के सबुरा नाले में सैनिकों ने दो घुसपैठियों को मार गिराया है। अभी ऑपरेशन चल रहा है। जानकारी के



अनुसार, शुक्रवार को पाकिस्तान की तरफ से आ रहे घुसपैठियों ने उड़ी में रुस्तम पोस्ट पर भारत की सीमा में घुसने की कोशिश की। सेना के 5 जम्मू कश्मीर राइफल के जवानों ने उन्हें पीछे हटने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर गोलीबारी शुरू हुई। इसमें दो आतंकवादियों को मार गिराया है। एक आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है। अभी ऑपरेशन जारी है। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से लेकर नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक सुरक्षाबलों की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### ग्वालियर की कोर्ट का लालू के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट

**विजय मत ब्यूरो ग्वालियर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मध्य प्रदेश की एमपीएमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामला हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है



और करीब 26 साल से लंबित है। ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस संबंध में लालू के खिलाफ यह वारंट जारी किया है। ग्वालियर की अदालत ने लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 1998 में फरार घोषित किया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फर्जीवाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। शर्मा ने हथियार और कारतूस बिहार में बेच दिए थे। जिन लोगों को यह हथियार बेचे गए, उनमें लालू प्रसाद यादव का नाम भी है।

### राजद ने अपने कोटे की तीन सीटें मुकेश सहनी की वीआईपी को दी

**पटना, एजेंसी।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी को आखिरकार ठौर मिल गया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन में से किसी से शुरुआती तौर पर उनकी बात नहीं बन सकी थी। अब राष्ट्रीय



जनता दल ने उनसे डील कर ली है। राजद ने अपने कोटे से वीआईपी को तीन सीटें दे दी हैं। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी खगड़िया से पिछली बार लोकसभा चुनाव हार गए थे। इस बार यह सीट सीपीएम के खाते में चली गई है। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी को राजद अपने कोटे से तीन सीटें दे रहा है- झंझारपुर, गोपालगंज और मोतिहारी। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद तेजस्वी यादव ने पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी घोषणा की। पिछली बार भी वीआईपी महागठबंधन का हिस्सा था।

### सोने की कीमत में 150 रुपये की गिरावट, चांदी 700 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोना 150 रुपये गिरकर 69,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। यह गिरावट वैश्विक बाजारों में सोने कीमतों में कमी के



बीच आई है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी 700 रुपये गिरकर 81,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर हाजिर सोना 2,287 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। यह पिछले कारोबारी सत्र से 10 डॉलर कम है। वहीं, चांदी 26.75 डॉलर प्रति औंस पर कम बोली गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 27.05 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## चुरु में बोले पीएम- नया भारत घर में घुसकर मारता है...

# अब तक जो हुआ, वह सिर्फ ट्रेलर था: मोदी

**चूरु, एजेंसी**

राजस्थान के चूरू में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर करारा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ईडी ने भ्रष्टाचारियों की एक लाख करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। मैं इन भ्रष्टाचारियों से कहना चाहता हूं कि कितना भी झूठ फैला लो ये मोदी डरने वाला नहीं है। इसी कांग्रेस ने बाबा अंबेडकर को दशकों तक भारत रत्न नहीं लेने दिया। भाजपा ने देश को दलित राष्ट्रपति दिए।

पीएम मोदी ने कहा- लोकसभा में महिला आरक्षण का कानून भी पारित कर दिया है। भाजपा का संकल्प पत्र भी अपने आप में एक गारंटी माना जाने लगा है। आज मैं जब चरू आया हूं तो पुरानी यादें ताजा होने लगी है। इससे पहले जब 26 फरवरी को यहां आया था तो उसी समय देश ने बालाकोट में एयर स्ट्राइक की थी। तब मैंने जो शब्द कहे थे चूरू की धरती पर, मैं आज फिर एक बार इस वीरों की धरती पर आया हूं तो मेरे उन भावों को दौहराता हूं। तब मैंने कहा थाज सौगंध मुझे इस मिट्टी की मैं देश नहीं मिटने नहीं दूंगा, मैं देश नहीं रुकने दूंगा, मैं देश नहीं झुकने दूंगा, मेरा वचन है भारत मां को तेरा शीष नहीं झुकने दूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सेना का अपमान किया। एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांग रहे थे। सेना के हाथ बांध रखे थे। हमारे जवाब वन रैंक वन पेंशन की बात करते थे। हमारी सरकार बनी तो हमने सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन का अधिकार दिया और सीमा पर पलटवार करने की खुली छूट दे दी। आज दुश्मन का पता है कि ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।



### हताशा-निराशा मोदी के पास भी नहीं फटक सकती


आज पूरा देश विकसित भारत के लिए काम कर रहा है और इसमें राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। बीते 10 साल में मोदी ने देश में जो काम किए हैं, उन्होंने दुनिया में विकसित भारत की नींव तैयार कर दी है। दुनिया यह देखकर हैरान है। हम जो ठान लेते हैं वह पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते देखा है। याद करिए, 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था। कांग्रेस के बड़े-बड़े घोटालों और लूट के कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी। भारत की साख गिरती जा रही थी। देश के लोग छोटी-छोटी जरूरत के लिए जूझ रहे थे। करोड़ों गरीबों के सर पर छत नहीं थी। करोड़ों लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं था। गांव अंधेरे में डूबे थे। लाखों करोड़ की लूट से सरकारी खजाना खाली ही रहता था। इसका मन पर भी असर होता है। आप सबने यह मान लिया था कि देश का कुछ हो ही नहीं सकता । इसी हताशा और निराशा में 2014 में आपने गरीब के इस बेटे को अपनी सेवा का मौका दिया। हताशा-निराश मोदी के पास भी नहीं फटक सकती। मैंने तय किया कि हालात बदलने ही होंगे। मेरे लिए तो मेरा भारत, मेरा परिवार है। हमने ईमानदारी से काम किया। कोरोना जैस इतना बड़ा संकट आया। दुनिया सोच रही थी कि भारत तो बर्बाद हो जाएगा और दुनिया को भी बर्बाद कर देगा। लेकिन हमने इस संकट में देश को दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया।

**कांग्रेस को एडवाइजरी निकालनी पड़ गई कि राम मंदिर पर कुछ नहीं बोलना...** देश भव्य राम मंदिर का जश्न मना रहा था। लेकिन, कांग्रेस पार्टी खुले आम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी। देश ने कांग्रेस के पापों की हमेशा कीमत चुकाई है। मुझे अभी पत्रकार बता रहे थे कि कांग्रेस पार्टी ने एक एडवाइजरी निकाली है कि अयोध्या राम मंदिर की चर्चा निकल पड़े तो मुंह पर ताला लगा देना, कुछ बोलना ही मत। बोलना पड़ गया तो पता नहीं कब राम-राम हो जाए। जब इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब हो रहा है तो ये सब एक हो गए हैं।

## कांग्रेस ने न्याय पत्र में 5 न्याय और 25 गारंटियों का वादा

# महिलाओं को 1 लाख सालाना, 30 लाख नौकरियां, MSP कानून

**नई दिल्ली, एजेंसी**



लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय-'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय'- पर आधारित है। पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र को न्याय पत्र नाम दिया गया है। इसमें तमाम वर्गों के लिए न्याय पर जोर दिया गया है जिसमें महिला, युवा, किसान, गरीब आदि शामिल हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है और यह सरकार अमीरों के लिए है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, जाति जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी 400 रुपए, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी घोषणा की है। 48 पन्ने के न्याय पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए न्याय के 10 स्तंभों जोर दिया गया है। यह घोषणा पत्र पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की अध्यक्षता में तैयार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बताया कि 19 मार्च को कांग्रेस कार्य समिति ने इसे मंजूरी दी थी। न्याय पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान न्याय के पांच स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इनमें युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई थीं। इनमें 25 गारंटियां निकलती हैं।

### न्याय पत्र को सीएम मोहन यादव ने बताया चुनावी कर्मकांड, बोले- हारी हुई लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस


मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस के न्याय पत्र पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुनाव की दृष्टि से कांग्रेस का घोषणा पत्र एक चुनावी कर्मकांड है। पार्टी मध्य प्रदेश समेत पूरे देश में एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इसे न्याय



पत्र का नाम दिया है। इस पर डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस भले ही अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कह रही हो, वह अन्याय के पहाड़ पर बैठी हुई है। कांग्रेस ने पूरे देश के किसान, गरीब, मजदूर, युवा सबके साथ अन्याय करते हुए अपना समय गुजारा है। कांग्रेस के मुंह से न्याय शब्द शोभा नहीं देता। उन्होंने महिलाओं के साथ अन्याय किया।

### कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में अंदर तस्वीरें तो न्यूयॉर्क और थाईलैंड की हैं

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस के घोषणापत्र में इस्तेमाल की गई कुछ तस्वीरों को विदेश की बताया और इसे लेकर भी विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा। बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस के मेनिफेस्टो में जो वाटर मैनेजमेंट की फोटो है, वह अमेरिका



की बफैलो रिवर की है। एनवायरमेंटल क्लीनलीनेस की फोटो थाईलैंड की है। कांग्रेस के घोषणापत्र पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में जल प्रबंधन पर एक तस्वीर है। यह तस्वीर न्यूयॉर्क राज्य की बफ़ेलो नदी की है। अब तक वे ऐसा नहीं कर पाए हैं। पता करें कि उनके सोशल मीडिया चेयरपर्सन के ट्विटर से कौन ट्वीट कर रहा था, लेकिन उन्हें यह तस्वीर किसने भेजी? पर्यावरण अनुभाग के तहत, राहुल गांधी के पसंदीदा स्थान, थाईलैंड की एक तस्वीर उनके घोषणापत्र में डाली गई है?

## पति-पत्नी के तौर पर लंबे समय तक रहने पर बनता है भरण पोषण का अधिकार

**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर**

वैधानिक शादी किए बिना भरण-पोषण की राशि निर्धारित किए जाने के खिलाफ जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट जस्टिस जीएस अहलुवालिया की एकलपीठ ने पाया कि पति-पत्नी के तौर पर लंबे समय तक साथ रहने तथा संतान उत्पत्ति करने के आधार पर न्यायालय ने भरण-पोषण की राशि निर्धारित की है। एकलपीठ ने न्यायालय के फैसले को सही करार देते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

याचिकाकर्ता शैलेंद्र बोपचे निवासी बालाघाट की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया था कि ग्राम न्यायालय ने धारा-125 के तहत कथित पत्नी को 15 सौ रुपये भरण-पोषण देने का आदेश साल 2012 में जारी किया गया था। उसके खिलाफ उसने अपील दायर की थी, जिससे



अतिरिक्त सत्र न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया था। याचिका में कहा गया था कि अनावेदिका से उसकी शादी नहीं हुई है।

न्यायालय ने अपने आदेश में स्वयं माना है कि अनावेदिका उसकी वैधानिक पत्नी नहीं है। उसका दावा था कि विवाह मंदिर में हुआ है। सुनवाई के दौरान वह न्यायालय के समक्ष मंदिर में शादी करने का कोई साक्ष्य नहीं पेश कर पाई। इसके अलावा विवाद की विधि के संबंध में भी कुछ नहीं बता पाई। न्यायालय ने सिर्फ पति-पत्नी के तौर पर लंबे समय तक साथ रहने के आधार पर भरण-पोषण की राशि निर्धारित की है।

### तूफानी प्रचार पर मोहन...



**विजय मत ब्यूरो जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मध्यप्रदेश के स्टार प्रचारक और प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव इन दिनों तूफानी प्रचार पर है। शुक्रवार को उन्होंने महाकौशल के कई जिलों का दौरा कर जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। जबलपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और मंत्री राकेश सिंह के साथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने नौकरशाहों के लिए राजनीति में जाने से पहले कूलिंग-ऑफ अवधि की मांग वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजनीति में प्रवेश करने और चुनाव लड़ने के इच्छुक नौकरशाहों और लोक सेवकों के लिए कूलिंग-ऑफ अवधि की मांग करने वाली एक जनहित याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संकेत दिया कि वह जनहित याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है। न्यायमूर्ति कांत ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि आप याचिका वापस लेना चाहते हैं या बहस करना चाहते हैं? याचिका पर विचार करने के लिए पीठ की अनिच्छा को महसूस करते हुए याचिकाकर्ता के वकील ने जनहित याचिका वापस लेने का फैसला किया।

## एनसीईआरटी: कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान से हटाया बाबरी मस्जिद का संदर्भ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा के लिए अपनी राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति और 2002 के गुजरात दंगों के संदर्भ हटा दिए हैं, जो इस शैक्षणिक सत्र से लागू होंगे। इन संशोधनों का खुलासा एनसीईआरटी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर किया।

**अयोध्या खंड किया गया संशोधित**

परिवर्तन, जो वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में पेश किए जाएंगे, संवेदनशील विषयों पर अध्ययन सामग्री को उन्नत करने की एक बड़ी प्रवृत्ति का हिस्सा हैं। अध्याय 8 में, भारतीय राजनीति में हालिया घटनाक्रम, राजनीतिक लामबंदी की प्रकृति के लिए राम जन्मभूमि आंदोलन और अयोध्या विध्वंस की विरासत क्या है? को राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है? से बदल दिया गया है। एनसीईआरटी ने इन बदलावों को यह कहकर उचित ठहराया कि सामग्री को राजनीति में नवीनतम विकास के अनुसार अद्यतन किया गया है।

## केजरीवाल के खिलाफ हुई साजिश भाजपा ने किया शराब घोटाला: सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर छह महीने बाद आप सांसद संजय सिंह बुधवार को जेल से बाहर आए। जमानत मिलने के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह राजनीतिक तौर पर सक्रिय हो गए हैं। आज संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश हुई है। इस साजिश में भाजपा के बड़े नेता शामिल हैं। भाजपा ने शराब घोटाला किया है।



संजय सिंह ने कहा, आज मैं आपके सामने यह बताने के लिए आया हूं कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कैसे रची गई। यह शराब घोटाला भाजपा ने किया है। इस घोटाले में भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल हैं। संजय सिंह ने कहा, एक व्यक्ति हैं, मगुंटा रेड्डी, जिन्होंने तीन बयान दिए, उनके बेटे राघव मगुंटा ने सात बयान दिए। 16 सितंबर को जब उनसे (मगुंटा रेड्डी से) पहली बार ईडी ने पूछा कि क्या वह अरविंद केजरीवाल को जानते हैं, तो उन्होंने सच बताया और कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की लेकिन चैरिटेबल ट्रस्ट की जमीन के मामले में मैं मिला था। लेकिन उसके बाद उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया।

**खास खबर** | आरबीआई गवर्नर ने की प्रमुख ब्याज दरों पर एमपीसी के फैसलों की घोषणा

## रेपो रेट में बदलाव नहीं, वर्ष-2025 में 4.5% रहेगी मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को प्रमुख ब्याज दरों पर मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की घोषणा कर दी है। आरबीआई एमपीसी ने ब्याज दरों यानी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इसे 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा गया है।

यह वित्तीय वर्ष 2024-25 (FY25) में पहली आरबीआई एमपीसी की घोषणा है। केंद्रीय



बैंक ने पिछली लगातार छह एमपीसी बैठकों में रेपो दर को अपरिवर्तित रखा था। सातवीं बैठक में भी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत ही रखा गया है।

### महंगाई दर में वृद्धि पर सतर्क रहें केंद्रीय बैंक: गवर्नर

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खाद्य पदार्थों कीमतों की अनिश्चितता के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका है। महंगाई दर में वृद्धि पर आरबीआई सतर्क बनी हुई है। एमएसएफ रेट को 6.75 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने कहा कि एमपीसी के छह में पांच सदस्य रेपो रेट को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में रहे। उन्होंने कहा कि FY25 में जीडीपी ग्रोथ 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मांग मजबूत हो रही है। वहीं निजी खपत भी बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.8 से बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया गया है।

### यूपीआई के जरिए कैश डिपोजिट मशीन में नकद जमा करने का प्रस्ताव

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कैश डिपॉजिट मशीन (सीडीएम) के माध्यम से नकदी जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है। एटीएम में यूपीआई का उपयोग करके कार्ड-रहित नकद निकासी से प्राप्त अनुभवों को देखते हुए, अब यूपीआई का उपयोग करके सीडीएम में नकदी जमा करने की सुविधा भी प्रदान करने का प्रस्ताव है। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को और बढ़ाएगा और बैंकों में मुद्रा हैंडलिंग प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी को सुगम बनाने के लिए जल्द ही एक मोबाइल ऐप भी पेश करेगा।

## खजुराहो से सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त


**विजय मत, ब्यूरो खजुराहो**

मध्य प्रदेश में इंडिया गठबंधन को करारा झटका लगा है। कांग्रेस ने प्रदेश की 29 में से एक खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ी थी। यहां से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपनारायण यादव का नामांकन निरस्त हो गया है। कलेक्टर ने इसकी दो वजह बताई है। नामांकन फॉर्म पर प्रत्याशी के दो जगह हस्ताक्षर होते हैं, जिसमें से एक जगह मीरा यादव ने हस्ताक्षर नहीं किए थे। मतदाता पहचान पत्र की सत्यापित प्रति की जगह पुरानी प्रति दे दी गई थी। मीरा यादव के पति दीपनारायण यादव ने कहा है कि हम इस फैसले को हाईकोर्ट में



और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त के पास भी जाएंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र की सरेआम हत्या बताया है। मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूदा सांसद और उम्मीदवार हैं। उनकी राह अब आसान हो गई है। एक तरह से इंडिया गठबंधन ने उन्हें वॉकओवर ही दे दिया है।

## यूज इन शॉर्ट




### दीवार लेखन कर किया गया मतदान के प्रति जागरूक

**शहडोल।** शहडोल जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के ग्राम बरेली में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। दीवारों में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, न किसी का रहे दबाव करना है निष्पक्ष मतदान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के स्लोगन भी लिखे गए। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।




### धनपुरी में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

शहडोल। शहडोल जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले के नगरपालिका परिषद धनपुरी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान गली मोहल्ले में पहुंचकर चला चली मतदान करी अपने मत के मान करी, जन जन की यही पुकार वोट डालो अब की बार, के नारे, भी लगाए गए। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उददेश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

### कमिश्नर ने प्रभारी तहसीलदार को किया निलंबित



शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने कार्यालीन समय पर निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम 9 (1) (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मुनेश्वर प्रसाद विराट, प्रभारी तहसीलदार, जैतपुर जिला शहडोल (म.प्र.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में विराट का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला शहडोल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



### गोहपारू में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

शहडोल। शहडोल जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले के जनपद पंचायत गोहपारू में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान गली मोहल्ले में पहुंचकर सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, चला चली मतदान करी अपने मत के मान करी, जन जन की यही पुकार वोट डालो अब की बार, के नारे, भी लगाए गए। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उददेश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।



### पेसा मोबिलाइजर मतदान हेतु मतदाताओं को कर रहें प्रेरित

शहडोल - जिले में दिव्यांग, युवा, महिलाओं, वरिष्ठ मतदाताओं को घर-घर जाकर 19 अप्रैल को मतदान के लिए पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क?ी में आज ग्राम पंचायत मसिरा, सीधी, गधिया, चिंतराव के पेसा मोबिलाइजर अमृता तिवारी, कुलदीप सिंह, सोनू बाई सिंह, रूचि गुप्ता व अन्य पेसा मोबिलाइजरों द्वारा पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

# सरकारी तालाबों का मिटता जा रहा नामोनिशान

## तालाबों के अस्तित्व की रक्षा हेतु जिम्मेदारों द्वारा नही किया जा रहा कोई पहल

**विजय मत, शहडोल।**

संभाग मुख्यालय में तालाबों पर खुलेआम अतिक्रमण और जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीन रवैये का बड़ा उदाहरण है। शहडोल में 365 तालाब की भूमि में आज कुछ ही तालाब अस्तित्व में है। तालाबों पर अतिक्रमण के मामले में राजस्व विभाग से लेकर नगर पालिका और दूसरे जिम्मेदार विभागा आंख मूंदे रहते हैं। इसका नुकसान यह हो रहा है कि शहर में जल संचय से ज्यादातर प्राकृतिक स्त्रोतों का अस्तित्व ही धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। तालाबों पर खुलेआम हो रहे अतिक्रमण के मामलों पर समय रहते राजस्व व नगर पालिका द्वारा कार्रवाई नहीं करने का नुकसान यह हो रहा है कि जो तालाब अस्तित्व में हैं भी तो वहां जलभराव से लेकर पानी निकासी के बेहतर इंतजाम नहीं हैं। तालाबों के शहर शहडोल में गिनती के ही तालाब शेष बचे हैं।



### तालाबों के अस्तित्व की रक्षा के करना होगा पहल

तालाबों की बदहाली से बरसात के दिनों में वर्षा जल संचय का नहीं हो पाता। तालाबों के अस्तित्व की रक्षा के गंभीरता से पहल करना होगा। वर्ना साल दर साल तालाबों के सूखने से बचाना मुश्किल हो जाएगा। बड़ी संख्या में तालाबों का नामोनिशान मिटता जा रहा है। तालाबों का अतिक्रमण का जंजाल भी फैलता जा रहा है। तालाबों को सूखने से लोगों का जीवन सूखने लगा है। स्वरूप बदल चुके अनेकों सरकारी तालाब धरातल पर दूर-दूर तक नजर नहीं आता है। तालाबों की खोजबीन के प्रति विभाग उदासीन बना रहा। तालाबों के संरक्षण के दिशा में संबंधित विभाग की उदासीनता को नकारा नही जा सकता हैं।

### 365 तालाबों का इतिहास, नगरपालिका में सिर्फ 44 तालाब

तालाबों की वजह से जाना जाने वाले शहडोल नगर में अब गिनती के तालाब बचे हैं। शहडोल नगर का 365 तालाबों का इतिहास है। अब नगर पालिका के रिकार्ड में 44 शासकीय तालाब ही दर्ज हैं। जबकि 10 निजी तालाब है। इसके अलावा सोहागपुर तहसील में तालाब 561 दर्ज हैं। इसमें शासकीय अशासकीय सभी शामिल हैं। कई तालाबों में बड़े कॉलोनाइजरों ने गरीबों को आगे करके भूमि पर कब्जा कर लिया है।

### तालाबों का लगातार नीचे जा रहा भूजल स्तर

नागरिकों ने बताया कि तालाबों में अतिक्रमण से जल भराव का क्षेत्र कम होने का सीधा नुकसान भूजल स्तर पर दिख रहा है। जिन परिवारों के पेयजल का स्त्रोत नलकूप है, उनके नलकूप गर्मी में सूखते जा रहे हैं या फिर जलस्तर लगातार नीचे जाने से पाइप बढ़ाना पड़ रहा है। तालाब में मेढ़ पर अतिक्रमण कर निर्माण के मामले घरौला मोहल्ला स्थित तालाब में भी है। वार्डवासियों ने बताया कि तालाब की जमीन पर अतिक्रमणकारियों की नजर इसलिए भी है क्योंकि अधिकारी ऐसे अतिक्रमण पर कार्रवाई ही नहीं कर रहे हैं।

### भर रहा नाली का गंदा पानी

शहर में एक ओर नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है तो दूसरी ओर घरौला तालाब पर नाली का पानी जा रहा है। यहां निवास कर रहे लल्लू बर्मन ने बताया कि नाली में मिट्टी व कचरा डालने के बाद कई दिनों से सफाई नहीं हुई। यही कारण है कि ओवरफ्लो के बाद नाली का गंदा पानी तालाब में जा रहा है।

### संरक्षण की दरकार

सोहागपुर स्थित पौनांग तालाब में पांच तालाबों का समूह है। इनमें कुछ तालाब के समीप तक अतिक्रमण कर मकान का निर्माण हो रहा है। तालाब के मेढ़ तक बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी गई है। शहर के ऐतिहासिक मोहनराम तालाब में पानी भराव और बारिश में ज्यादा पानी होने पर निकासी के इंतजाम नहीं है। मोहनराम तालाब के समीप एक दूसरे तालाब में लगातार अतिक्रमण हो रहा है। चौपाटी के समीप दो तालाबों में पानी कम और कचरा ज्यादा है। दोनों ही तालाब में आसपास की गंदगी मिल रही है। कचरा फेका जा रहा है। इसी प्रकार अन्य तालाबों की स्थिति जर्जर एवं अतिक्रमण से भरे पड़े हैं ।

**इनका कहना है...**

आपने जो विषय सज्ञान में लाया है उस पर अतिक्रमण मुक्त की कार्यवाही की जाएगी।

» **बीएस जामोद**
आयुक्त शहडोल संभाग

# कमिश्नर ने आंगनबाडी केन्द्रों, उचित मूल्य की दुकानों, स्कूलों और गेहू उपार्जन केन्द्रो का किया निरीक्षण



**विजय मत, शहडोल।**

कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शहडोल जिले के विभिन्न स्कूलों आंगनबाड़ी केन्द्रों, गेहूं उपार्जन केन्द्रों और उचित मूल्य की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। कमिश्नर ने ग्राम पंचायत दियापीपर के उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया तथा उचित मूल्य की दुकान में नाप तौल की मशीन का निरीक्षण किया जो बंद पायी गई। इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान कमिश्नर को उचित मूल्य की दुकान में स्टाक की जानकारी प्रदर्शित नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि उचित मूल्य की दुकान में नाप तौल की मशीन को तत्काल ठीक कराया जाए तथा राशन दुकान में स्टाक की जानकारी भी प्रदर्शित की जाए। कमिश्नर ने भ्रमण के दौरान गोहपारू विकासखंड के ग्राम पंचायत असवारी में संचालित उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने नापतौल मशीन और स्टाक रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा उचित मूल्य की दुकान की व्यवस्था सुधारने के निर्देश प्रबंधक को दिए। क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कमिश्नर ने प्राथमिक शाला चोरमरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने स्कूल परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्दश दिए एवं मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली तथा बच्चों से किताब भी कमिश्नर ने पढवाई। कमिश्नर ने भ्रमण के दौरान गेहू उपार्जन केन्द्र सेमरा, खोहरी का भी निरीक्षण किया। तथा गेहू उर्पाजन केन्द्रों में समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने आंगनबाडी केन्द्र सरसी, प्राथमिक शाला सरसी के निरीक्षण के दौरान बच्चों को मीनू के अनुरूप् मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं आंगनवाडी केन्द्र में समुचित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल भी साथ रहे।




## कलेक्टर ने प्रशिक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल में मतदान कर्मियों को दिये जा रहे द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया।प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर्सों एवं मतदान कर्मियों से मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम मशीनों को चालू, बंद करने एवं माकपोल करने के बाद वास्तविक मतदान करने के लिए ईव्हीएम मशीनों को कैसे तैयार करना है, डाक मतपत्र एवं ईडीसी जारी करने की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम या व्हीव्हीपीएटी मशीनों के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करे जिससे मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति से अध्ययन कर लें। मतदान प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की जिज्ञासा अथवा शंका हो तो उसका समाधान अभी कर ले। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, ए.आर.ओ. जैतपुर श्रीमती ज्योती परस्ते, ए.आर.ओ. ब्यौहारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियों एक्का, भागीरथी लहरे, प्रशिक्षण कार्य के नोडल अधिकारी आर.एस. गौतम, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सी-विजिल में प्राप्त शिकायतो का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं- व्यय प्रेक्षक नमिता पटेल

**विजय मत, शहडोल।**

सीधी संसदीय क्षेत्र हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक नमिता पटेल ने आज बाणसागर में व्यय लेखाओं का परीक्षण करते हुए कहा कि सी-विजिल में व्यय से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होनें निर्देश दिए कि लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में सुचिता और पारदर्शिता के साथ एसएसटी एवं एफएसटी टीमें कार्य करें। उन्होंने कहा कि सुचिता पूर्ण निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराना सबकी जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन सभी अधिकारी निष्ठापूर्वक करें। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि सीधी संसदीय क्षेत्र में हो रही चुनावी सभाओं की जानकारी विडियो निगरानी दल के सदस्य समय सीमा में प्रस्तुत करें । बैठक में संयुक्त संचालक कोषालय एवं नोडल अधिकारी व्यय लेखा राममिलन सिंह ने बताया कि व्यय लेखा निगरानी दल द्वारा समय पर लेखा प्रस्तुत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में व्यय प्रेक्षक द्वारा पेड न्यूज एवं समाचार पत्रों में विज्ञापनों के प्रकाशन के व्यय के संबंध में भी जानकारी ली गई। बैठक में उपायुक्त जीएसटी श्रीमती सुमन मेरावी, जिला आबकारी अधिकारी शहडोल सतीश कश्यप, उप संचालक जनसम्पर्क शहडोल संभाग जीएस मर्सकोले, एवं व्यय निगरानी समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

### अतिरिक्त मतदान दलों का रेंडमाइजेशन संपन्न

शहडोल । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अतिरिक्त मतदान दलों रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, एनआईसी कार्यालय के अरविंद चैधरी निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### शत-प्रतिशत मतदान हेतु निकाली गई रैली

शहडोल। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने जानकरी दी है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज ग्राम पंचायत मोहतरा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही ग्राम पंचायत बरकोड़ा में एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओ को पीले चावल देकर मतदान हेतु आमंत्रित किया गया एवं दीवार लेखन कर मतदान का महत्व बताया गया। दीवार लेखन में अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम सब मतदान जैसे अन्य स्लोगन प्रदर्शित किये गए। उक्त कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के प्रवीण दुबे, पंकज पाण्डेय, राहुल सिंह, श्रेयांश सिंह, प्रशांत पाण्डेय, अनिता साहू, कलावती सिंह, रामलाल सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल थें।

**मनमानी**

**बिना लायसेंस किया जा रहा बसों की बॉडी बनाने का काम**

# दूसरे का लायसेंस लगाकर कराया जा रहा बसों का पंजीयन

**विजय मत, शहडोल।**

शहर में बस मालिकों और बॉडी मेकरों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से बसों की चेचिसों से छेड़छाड़ कर सडक पर दौड़ाया जा रहा है। शहर में ऐसे दर्जन भर से अधिक बस बॉडी मेकर हैं जो कि एआरएआई यानि ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नियमों और एआईएस-052 मानकों को दरकिनार कर नियम विरुद्ध तरीके से बसों का निर्माण करने काम कर रहे हैं और बसों में सफर करने वाले यात्रियों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। इतना ही नहीं, गौर करने वाली बात तो यह है कि जिन बस बॉडी मेकरों द्वारा बसों का नियम विरुद्ध तरीके से निर्माण किया जा रहा है, उनके पास बस बॉडी मेकिंग का लायसेंस भी नहीं है। जांच न होने के कारण धड़ल्ले से दर्जनों बस बॉडी मेकर बिना लायसेंस बसों की बॉडी बनाने का काम कर रहे हैं।

**नियम विरुद्ध तरीके से चेचिस से छेड़छाड़**-जिला मुख्यालय में सहित अन्य जिलों से बस मालिकों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कंपनी की 4500 व्हीलबेस की चेचिस को लंबा कर सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है। निमयानुसार 4500 व्हीलबेस की चेचिस में 32 सीटर पुशबैक डीलक्स और 36 सीटर नार्मल सीट में जाती है। वहीं बसों को तैयार करने के बाद बॉडी परिवहन विभाग से पास हो सकती है। खेल यह है कि 32 सीटर पुशबैक और 36 सीटर नार्मल सीट बस को परिवहन विभाग से 50 किलोमीटर तक चलने की अनुमति होती है। लेकिन बस मालिक और बॉडी मेकर नियमविरुद्ध तरीके से चेचिस से छेड़छाड़ कर उनकी लंबाई को बढ़ाकर 36 सीटर पुशबैक डीलक्स बस बनाई जा रही है। जिससे की उनको 150 किलोमीटर तक की दूरी का परमिट हालिस हो सके।




**बसों की बॉडी बनाने का किया जा रहा काम**-शहर बिना लायसेंस के ही अवैध रूप से बॉडी-मेकरों द्वारा बसों की बॉडी बनाने का काम किया जा रहा है। जिनके लायसेंसों की कभी जांच नहीं की जाती है। वहीं बसों को तैयार करने के बाद बॉडी मेकर रूपये देकर किसी दूसरे लायसेंसधारी का लायसेंस लगाकर बसों का पंजीयन करवा देते हैं। नियम के अनुसार लायसेंसधारी बस बॉडी मेकर द्वारा दिए गए ट्रेड सर्टिफिकेट के बाद ही बस का पंजियन होता है। सोचने वाली बात है कि आखिर कौन है, जो मोटी रकम लेकर बिना लायसेंस के बॉडी बनाने वालों को अपना लायसेंस किराए पर दे रहा है। इसकी जांच होने पर नियम विरुद्ध तरीके से होने वाले बसों का निर्माण पर रोक लग सकेगी।

**परिवहन विभाग नहीं दे रहा ध्यान**

शहर में नियम विरुद्ध तरीके से बसों की चेचिसों से छेड़छाड़ कर उनकी लंबाई बढ़ाकर अधिक सीटे लगाने के मामले को लेकर परिवहन विभाग चुप्पी साधे हुए हैं, बस मालिक और बस बॉडी मेकर द्वारा मिली भगत कर कम व्हीलबेस की चेचिस में भी सीटों की संख्या बढ़ाकर सेटिंग से उनको परिवहन विभाग से पास करा कर परमिट हासिल कर लिया जाता है, लेकिन नियम विरुद्ध तरीके से बनी बसें लम्बाई अधिक होने और मापदंड सही न होने के कारण हादसों का शिकार हो जाती हैं। जिससे की बस मालिक और बॉडी मेकर तो मुनाफा कमा लेते हैं, लेकिन सवारियों की जान-माल को खतरा बना रहता है।

### कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का होगा शहडोल आगमन



शहडोल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष मे प्रचार प्रसार हेतु दिनांक 08 अप्रैल, दिन सोमवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी का आगमन होने जा रहा है। राहुल गाँधी दोपहर 02 बजे जमुई हेलीपैड मे पहुंच कर बाणगंगा मेला मैदान मे आमसभा को संबोधित करेंगे।कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने समस्त कांग्रेसजन एवं आमजन से 08 अप्रैल को माननीय राहुल गाँधी की आमसभा मे शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

## न्यूज इन शॉर्ट

### क्षत्रिय समाज प्रतिनिधि मंडल ने सौपा एसपी को ज्ञापन



**विजय मत, ब्यूरो, सागर।** जिला क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी को एक ज्ञापन सौपते हुए माँग की है कि, पत्रकार एवं समाज के साथी गजेंद्र ठाकुर पर सिटी कोतवाली में दर्ज हुए एक कथित झूठे मामलें पर शीघ्र जांच की जाए। संगठन के जिला अध्यक्ष हरीराम सिंह कैथोरा ने बताया कि समाज के सक्रिय सदस्य एवं पत्रकार गजेंद्र ठाकुर पर कोतवाली में दर्ज किया गया मामला बेहद गलत हैं, करीब डेढ़ साल पुराने एक अपराधी तत्व के आवेदन पर मामला बना दिया गया जिसपर सारी समाज में आक्रोशित हैं, और पुनः जांच की जाएं मामलें को जल्द समाप्त करने की हम सब मांग करते हैं, चुकी आचार संहिता लागू है इस लिए समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक से भेंट की हैं अगर मामलें में साथी गजेंद्र ठकुर को शीघ्र न्याय नही मिला तो समाज के सैकड़ो लोग प्रदर्शन करने मजबूर होंगे। ज्ञापन में हरिराम सिंह कैथोरा जिला अध्यक्ष क्षत्रिय समाज ,राहुल सिंह चौरा युवा जिला अध्यक्ष, राघवेंद्र सिंह भापेल कोषाध्यक्ष, कल्याण सिंह प्रचार समिति अध्यक्ष,विक्रम प्रताप सिंह अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, प्रीतम सिंह देवरी,भूपेंद्र सिंह राजपूत केसली, नीरज सिंह नयाखेड़ा, अनुराग सिंह राहतगढ़, गजेंद्र सिंह ठाकुर पत्रकार मौजूद रहे।

### भगवत्प्राप्ति के लिए भगवद् कृपा आवश्यक हैः धामेश्वरी देवी



**विजय मत, ब्यूरो, बीना।** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल छात्रावास, साईं धाम कॉलोनी, तहसील के पीछे वाली रोड, में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के तीसरे दिन जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी जी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि भगवान् को बुद्धि के द्वारा बड़े बड़े ज्ञानी तो क्या, ब्रम्हा जी भी नही जान सकते। किन्तु यदि किसी पर भगवान् की कृपा हो जाये और भगवान् की बुद्धि (दिव्य शक्ति) उसे मिल जाये, तो साधारण मनुष्य भी भगवान् को जान सकता है। इसका आशय यह नही, कि भगवान् को जाना नही जा सकता। कुछ लोग कोटेशन आदि के द्वारा प्रत्येक कर्म के लिए भगवान् को जिम्मेदार ठहराते है। जबकि भगवान् ने हमें सत्कर्म करने की शक्ति दी है किंतु उसकी दी हुई शक्तियों का हम दुरुपयोग करते है। यानि संसार में आसक्ति करते है और फिर कह देते है, हमारे भाग्य में नहीं है। अथवा भगवान् को दोषी ठहराते है। मनुष्य देह प्राप्त करके ईश्वर की भक्ति करने की बजाय संसार की जिम्मेदारियों की आड़ लेते है। वास्तव में भगवान् की कृपा का सही अर्थ समझना होगा, शास्त्रों से और संतो से। भगवान् की कृपा प्राप्त करने के लिए वेदों में शर्त बतायी गयी है। वह शर्त क्या है? यह आगे प्रवचन में बताया जायेगा। प्रवचन के अंत में श्री युगल सरकार की आरती हुई, जिसमें समस्त भक्तगणों ने आध्यात्मिक लाभ लिया। 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 13 अप्रैल 2024 तक होगा।

### एसी कोच में घुसने का विरोध करने पर वेंडर ने अटेंडर पर किया चाकू से हमला

**भोपाल।** गोरखपुर से मुंबई के बीच चलने वाली गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में अटेंडर का काम करने वाले युवक को अवैध रूप से कोच में घुसे वेंडर का विरोध करना महंगा पड़ गया। आरोपी वेड़र ने उसके साथ गाली गलौच की वही उसके साथी ने अटेंडर पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक दतिया निवासी शुभम दोहरे ने अपनी शिकायत में बताया की वह गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में अटेंडर है। बीते दिनों वह मुंबई जाने वाली ट्रेन में ड्यूटी पर था। भोपाल रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के थोड़ी देर बाद शुभम एसी कोच एम-4 में खाने का आर्डर लेने जा रहा था। इस दौरान उसे एक वेंडर कोच के भीतर पानी की बोतल बेचते हुए नजर आया। इस पर शुभम ने उससे कहा कि ट्रेनों में लगातार चोरियां हो रही हैं, तुम्हारे पास कोच में आकर सामान बेचने का कोई अनुमति पत्र है क्या। शुभम की बात सुनकर वेंडर उसे गेट के पास एक चाय बेचने वाले वेंडर के पास लेकर गया और चाय वाले वेंडर से कहा कि यह अनुमति के बारे में पूछताछ कर रहा है। इस पर चाय वाले वेंडर शुभम के साथ गाली-गलौज करनी शुरु कर दी। शुभम ने उसका विरोध किया तभी वहां एक भेल बेचने वाला आ गया उसकी टोकरी में चाकू रखा हुआ था।

---

**बीना में मां कर्मा जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई**

# मां कर्मा देवी की गोद में बैठकर भगवान ने खिचड़ी ग्रहण की थीः भक्ति माली

**विजय मत, ब्यूरो, बीना(सागर)**

नगर में कौशल किशोर राम जानकी, मां कर्मा बाई मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां कर्मा बाई जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले मां जागेश्वरी धाम पर राधे राधे प्रभात फेरी मंडल बीना साहू समाज के लोग एकत्रित होकर नगर में प्रभात फेरी निकाली, तत्पश्चात राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल एवं इस्कॉन हठ द्वारा संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, धार्मिक अनुष्ठान, पूजन-अर्चन किया।



इस अवसर पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के भक्त माली कुंजन दास जी ने बताया कि करीब 1 हजार वर्ष पूर्व विक्रम संवत 1073 ई. में कर्माबाई का जन्म चैत्र मास कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी उप्र के रहने वाले रामशाह तेल व्यापारी के यहां हुआ था। वह समाज सुधारक, धर्मात्मा, परोपकारी थे, उनके यहां शुभ नक्षत्र एकादशी को कन्या का जन्म हुआ। विद्वानों ने उसे भगवान का उपासक बताया उनका नाम कर्माबाई रखा गया।

मां कर्मादेवी का विवाह मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी की तहसील मुख्यालय नरवर के निवासी पद्मा साहू के साथ हुआ था। उस समय नरवरगढ़ एक स्वतंत्र जिला था। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्माबाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है।

बाल्यावस्था से ही कर्मादेवी को धार्मिक कथा-कहानियां सुनने की अधिक रुचि हो गई थी। यह भक्ति भाव मन्द- मन्द गति से बढता गया। कर्मा जी के विवाह योग्य हो जाने पर उसका सम्बंध नरवर ग्राम के प्रतिष्ठित व्यापारी के पुत्र के साथ कर दिया गया। पति सेवा के बाद कर्माबाई को जितना भी समय मिलता था वह समय भगवान श्री ऋष्ण के भजन-पूजन ध्यान आदि में लगाती थी। उनके पति पूजा, पाठ, आदि को केवल धार्मिक अंधविश्वास ही कहते थे।

### जब भगवान ने गोद में बैठकर खिचड़ी खाई

मां कर्माबाई के जीवन से आत्मबल, निर्भीकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती है। वे अन्याय के आगे कभी झुकी नहीं। उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ जीवन यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। अपनी भक्ति से साक्षात् श्रीकृष्ण के दर्शन किए और अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों खिचड़ी खिलाई। कहने का तात्पर्य यह है श्रद्धा और विश्वास से किया गया कोई भी काम कभी निष्फल नहीं होता । इस मौके पर आए हुए समस्त अतिथियों का साहू समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू , कोषाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, प्रवीण कुमार, खुशी लाल, देवेंद्र गुप्ता, सीताराम शिक्षक, रामदीन, रघुवीर प्रसाद, महेंद्र साहू, नर्मदा प्रसाद, महेंद्र मालगुजार, मोतीलाल, शिवराम साहू ,डालचंद साहू, जमुना प्रसाद साहू, रामस्वरूप, दयाराम के अलावा महिला मंडल की समस्त सदस्य मौजूद रही।

---

# मां कर्मा जयंती पर साहू समाज द्वारा आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती पर साहू समाज द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को खुरई रोड स्थित समाज की धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने की। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जिसमें साहू समाज युवा मंडल द्वारा 11 कन्याओं का विवाह कराया गया। पिछले वर्ष चार कन्याओं का विवाह समाज के युवा मंडल द्वारा कराया गया था।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।




कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी के समक्ष दीपक प्रज्वलन करके हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि समाजजनों द्वारा किया जा रहा यह सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन किसी पुण्य कार्य से कम नहीं हैं। इस तरह के आयोजनों से समाज में सौहार्द बढ़ता है। समाजजनों द्वारा आज जो 11 कन्याओं को वैवाहिक आशीर्वाद देकर जो कार्य किया है, यह एक महायज्ञ है। इस महायज्ञ को हमेशा इसी तरह से आगे बढ़ते रहे। उन्होंने नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव शुरू होने वाला हैं। आप सभी का वैवाहिक जीवन मंगलमय हो। उन्होंने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं। पूरी साहू समाज अपनी एकजुट का परिचय देते हुए इसी तरह के आयोजन हर साल करते रहे।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि आज का दिन काफी पुण्य का दिन है। पिछले साल यहां चार कन्याओं का विवाह हुआ था और आज बहन बेटियों के संख्या तीन गुना हो गई है। उन्होंने कहा कि दान कितना कैसा भी हो, लेकिन इस शुभ कार्य में आपने अपना सहयोग दिया है। इसका पुण्य आपको जरूर मिलेगा। ऐसे ही शुभ कार्य होते रहना चाहिए। मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में साहू समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छिंदवाड़ा सीट से समाज के प्रदेश अध्यक्ष बंटी साहू को टिकट दिया है। इस बार वहां भी जीत सुनिश्चित है।

ट्रस्ट अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू ने कहा कि पिछले वर्ष समाज की 4 कन्याओं की शादियां हुई थी, जिनका परिवार आर्थिक तौर पर सक्षम नहीं है। इस बार यह संख्या बढ़कर 11 कन्याओं का विवाह हो रहा है। सभी कन्याओं को समाजजनों द्वारा स्वर्ण, रजत के आभूषणों के साथ विभिन्न उपहार देकर गृहस्थी का सामान भी भेंट किया है। यह सभी कार्य समाजजनों के सहयोग से ही संभव हो पाया है। इस दौरान उन्होंने इस आदर्श विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वालों के बारे में भी जानकारी दी।कार्यक्रम को सागर लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी डॉ श्रीमती लता वानखेड़े ने भी संबोधित किया,कार्यक्रम में मुख्य रूप से निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,यश अग्रवाल,साहू समाज ट्रस्ट अध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, भावना साहू,सविता जिनेश साहू,सुमन साहू,डब्बू साहू, राहुल वैद्य,नितिन साहू,खेमचंद साहू,आदर्श गुरैया,अनुज साहू,अशोक साहू,प्रभु दयाल साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

---

### भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम जनप्रतिनिधि पदाधिकारी होंगें शामिल

**जिला अध्यक्ष ने पार्टी स्थापना दिवस दी शुभकामनाएं**

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।श्री सिरोठिया ने पार्टी के स्थापना दिवस पर जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रवाद के जिस ध्येय को लेकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों ने जनसंघ से लेकर भाजपा को आगे बढाने का काम किया, उसी परंपरा का निर्वाह पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश प्रथम, उसके बाद दल और अंत में हम स्वयं को रखते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी का हर कार्यकर्ता प्राणप्रण के साथ जुटकर पार्टी को सर्वोच्च की ओर ले जाने में अपना योगदान देगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस जिले के सभी 2118 बूथों पर भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया जाएगा एवं संभागीय/जिला,मंडल कार्यालयों में पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक बूथ पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।



जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया संभागीय कार्यालय में प्रातः10 बजे झंडा वंदन करेंगे साथ ही सागर नगर मंडल के बूथ क्रमांक 45 में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे साथ ही केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत राहनतगढ़ मंडल में,पूर्व मंत्री एवं ग्वालियर चंबल क्लस्टर प्रभारी भूपेंद्र सिंह खुरई नगर मंडल बूथ क्रमांक 53,पूर्व मंत्री पं.गोपाल भार्गव गढ़ाकोटा सांसद राजबहादुर सिंह डॉ.हरिसिंह गौर मंडल के बूथ क्रमांक 228, सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन सागर नगर मंडल के बूथ क्रमांक 83, तथा सागर नगर मंडल के बूथ क्रमांक 45 में लोकसभा सह संयोजक श्री श्याम तिवारी डॉ.हरिसिंह गौर मंडल के बूथ क्रमांक 245 में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

**अंतिम संस्कार में शामिल हुई गाय माता**

## दादा यादव को पशुओं से प्रेम करते थेः सरपंच अशोक साहू

- » घर से अर्थी के साथ साथ चलती रही गाय
- » अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोगों के बीच चलती रही गाय
- » मृतक और गाय का क्या नाता हो सकता है

**विजय मत, ब्यूरो, बीना**

खिमलासा में एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी । सैकड़ों लोगों ने अंतिम यात्रा में भाग लिया लेकिन आश्चर्य जब हुआ तब एक गाय माता सैकड़ों लोगों के बीच में अंतिम यात्रा में घर से शामशन तक गई। गाय के आंखों से आंसू झलकते लोगों को नजर आये।

खिमलासा में यदु कुल बुजुर्ग महीप सिंह यादव का निधन हो गया था । महीप दादा मिलनसार एवं पशुओं से बड़ा प्रेम रखते थे। जब एवं बेजवान जानवर को बुजुर्ग दादा के निधन का आभास हुआ तो एक गाय माता आंखों से आंसू बहाती हुई सैकड़ों लोगों के बीज मृतक महीप दादा के घर पहुंची। और आंसू बहाती रही लोगों ने तरह तरह की चर्चा चलाने लगे। आश्चर्य जब हुआ जैसे ही महीप दादा की अर्थी घर से निकली और सैकड़ों लोगों के बीच में एक गाय माता चलती रही और शामशन तक पहुंच गई अनेक बार गाय माता ने मृतक दादा महीप यादव की चिता पर परिक्रमा करती रही और आंखों से झरझर आंसू बहाती रही। लोगों ने गाय माता को खूब प्यार किया जैसे ही दादा महीप यादव की चिता को अग्नि दी गई इसके बाद गाय माता सैकड़ों लोगों के साथ घर लोट आई। लोगों ने तरह तरह के विचार रखे। ग्राम पंचायत सरपंच अशोक साहू ने बताया कि दादा यादव को पशुओं से प्रेम करते थे साथ ही दादा बहुत ही मिलनसार एवं स्वाभिमानी व्यक्तित्व के धनी थे।

---

## झूलेलाल जयंती चेत्रीचंद के उपलक्ष्य में आज से सिंधी कैंप में रंगारंग कार्यक्रम

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

श्री झूलेलाल जयंती चेत्रीचंद के उपलक्ष्य में सिंधी कैंप सागर में आज से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमे आज 6 अप्रैल को भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा द्वारा ड्राइंग,स्केचिंग,मेहदी प्रतियोगता का आयोजन दोपहर 3 बजे किया जाएगा ।इसके बाद शाम को 6 बजे श्री झूलेलाल सेवा समिति द्वारा गुजरात से पधारी साई शहेरावरे जी का सत्संग कार्यक्रम होगा ।वही 7 तारीख दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।वही रात को 9 बजे से श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा सिंधी फिल्म सिमरन को दिखाया जायेगा । वही 8 से 10 तारीख तक सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी का आयोजन श्री झूलेलाल जय माता दी शरण मंडली द्वारा किया जाएगा 8 तारीख सुबह 8:00 सुबह दिन सोमवार को श्री झूलेलाल महा अभिषेक बाबा गुरुमुख दास सेवा समिति द्वारा किया जाएगा। उसके बाद सुबह 10:00 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का प्रारंभ किया जाएगा 8 अप्रैल को ही दोपहर 3:00 बजे भारतीय सिंधु महिला शाखा द्वारा व्यंजन सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है रात में 8:00 बजे सभी झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा सिंधी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है वही 9 अप्रैल दिन मंगलवार सुबह 8:00 बजे महिला स्कूटर रैली का आयोजन श्री झूलेलाल जय माता दी शरण मंडली द्वारा किया गया है दोपहर 2:00 बजे प्रश्न मंच सिंधु युवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जाएगा शाम को 7:00 बजे पालकी यात्रा समस्त सिंधी समाज सागर द्वारा निकाली जाएगी।



10 अप्रैल सुबह 8:00 बजे विशाल वाहन रैली का आयोजन राजा हसनी मित्र मंडली द्वारा किया गया है जो सिंधी कॉलोनी से निकलकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई झूलेलाल मंदिर सिंधी कैंप पर समापन की जाएगी। उसके बाद सुबह 10:00 बजे अखंड पाठ साहब का जो भोग साहिब समापन होगा दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे आम भंडारा लंगर का आयोजन किया गया है शाम को 4:00 बजे श्री झूलेलाल साई जी की शाही शोभायात्रा श्री झूलेलाल मंदिर से शुरू होकर चकरा घाट पर समाप्त होगी 10 अप्रैल रंगोली सजाओ अपने द्वार सिंधी युवा संस्थान द्वारा आयोजन किया जाएगा रात में 8:00 बजे श्री झूलेलाल जय माता दी शरण मंडली द्वारा जन्मदिन के काटकर झूलेलाल जयंती मनाई जाएगी।

---

**खास-खबर** **कार्यपालन अभियंता श्री गेंडाम के निर्देशन में टीम ने पाई उपलब्धि**

## शासन की उम्मीद पर खरा उतरा सागर, बिजली बिल वसूली में अव्वल

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

इस बार बकाया बिजली बिल वसूली और बिल न अदा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई में सागर जिला अव्वल रहा है! शासन से 31 मार्च तक वसूली का टारगेट 10 करोड़ 52 लाख रुपए दिया गया था जिसमें से शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद कुमार गेदम के नेतृत्व में सागर की बिजली टीम ने वसूली में 95त्न उपलब्धि हासिल की है यानी सागर जिला शासन की उम्मीद पर खरा उतरा है! शत प्रतिशत वसूली के एवज में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर आगामी समय में प्रदेश के अफसरो को सम्मानित करेंगे!




श्री गेंदाम के नेतृत्व में सहायक अभियंता एसके माहोर ने भी टारगेट को छूने में अपनी कार्य कुशलता दिखाई है ! माहौर के नेतृत्व में अधीनस्थ कर्मचारियों ने बिजली बिल वसूली में सक्रियता दिखाकर टारगेट अचीव किया है! शहर संभाग मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सागर को इस वर्ष मार्च 2024 में दिए गए लक्ष्य 10 करोड़ 52 लाख के विरुद्ध 9 करोड़ 95 लाख की वसूली की गई जो लक्ष्य का 95त्न है। वसूली कार्रवाई में डोर टू डोर संपर्क, नोटिस वितरण, लाइन विच्छेदन, कॉलिंग, मॉर्निंग डिस्कनेक्शन , कटिंग लाइन की शाम की चेकिंग, बिना भुगतान की पाई गई जोड़ी लाइन पर अनियमितता के प्रकरण दर्ज आदि कई कार्यवाही करते हुए यह लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

इस कार्रवाई में मार्च में लाइन डिस्कनेक्शन की संख्या करीब 5000 उपभोक्ताओं की है एवं सभी स्टेशन ऑपरेटर एवं कार्यालय सहायक द्वारा लगातार कॉलिंग की गई जिसकी संख्या 25 से 30 हजार भुगतान की है पाई गई अनियमितता के विरुद्ध दर्ज प्रकरण की संख्या 40 नग है।

---

### 70 किलो अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजल को जप्त कर दो दुकानों में प्रदूषित सामग्री पाए जाने पर 10 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही हुई

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा नगर में सार्वजनिक स्थानों या सड़कों के किनारे मलवा फेंकने वालों और अमानक पॉलिथीन, डिस्पोजल सामग्री के प्रचलन को रोकने तथा नागरिकों को अमानक पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े से बने थैलों का उपयोग करने और डिस्पोजल बर्तनों के स्थान पर कांच के बर्तन, चीनी मिट्टी और मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम के जोन प्रभारियों और सफाई दरोगाओं के दल द्वारा संयुक्त रूप से परकोटा क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें दो दुकानों में प्रदूषित खाद्य सामग्री पाए जाने पर उसका विनष्टीकरण कराया गया और दुकानदारों पर 10 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई तथा निरीक्षण के दौरान 70 किलो अमानक पॉलिथीन और डिस्पोजल पाए जाने पर उसकी जप्ती की कार्रवाई की गई तथा दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वह अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करें और ग्राहकों को भी अमानक पॉलिथीन के स्थान पर कागज या कपड़े से बने थैलों का उपयोग करने हेतु प्रेरित करें तथा प्रदूषण खाद्य सामग्री का उपयोग व विक्रय न करें।



---

## भाजपा का झूठ और छल इस लोकसभा चुनाव में नहीं चलेगाः राजकुमार पचौरी

- जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की
- यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव हैःआशीष ज्योतिषी

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

सागर लोकसभा की तैयारी के संबंध में जिला शहर कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में बैठक कर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने की। इस अवसर पर राजकुमार पचौरी ने कहा कि वर्तमान में जनता भाजपा के जुमले से ऊब चुकी है।भाजपा का झूठ और छल इस लोकसभा चुनाव में नहीं चलेगा। कांग्रेस ने गुड्डू राजा के रूप में बहुत अच्छा प्रत्याशी दिया हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रेखा चौधरी ने कहा कि भाजपा लोगों को लालच और भय दिखाकर कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल कर कांग्रेसीकरण कर रही है।

पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ कटारे ने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान है इस चुनाव में कांग्रेस जीतेगी। जिला शहर कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष और प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है।भाजपा ने देश के लोगों से 10 वर्ष पूर्व जो वायदे किए थे जैसे 15 लाख रुपए देने की बात हो या 35 रुपए में पेट्रोल डीजल की बात हर स्तर पर जनता के साथ भाजपा ने धोखा किया है, एक भी वायदा पूरा नहीं किया हैं।


इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक चरण तोमर,पार्षद ताहिर खान, प्रवक्ता अवधेश तोमर,दुष्यंत सिंह बुंदेला, पवन परमार,ब्लॉक अध्यक्ष गण प्रेम नारायण विश्वकर्मा, समीर खान, योगराज कोरी,महेश अहिरवार, भरे खटीक आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. श्री रामसिपाही शुक्ल

# जारी है दलितों से भेदभाव

भारत में दलितों से जाति व्यवस्था के कारण क्रूर हिंसा और उत्पीड़न होता रहा है। तमाम कानूनों के बावजूद देश में आज भी दलितों से भेदभाव की घटनाएं सामने आ जाती हैं। इतिहास को देखें तो महाभारत लिखने वाले वेदव्यास भी मछुवारे थे परंतु वह महर्षि बन गए और गुरुकुल चलाते थे। विदुर जिन्हें महापंडित कहा जाता है वो एक दासी के पुत्र थे। वह हस्तिनापुर के महामंत्री बने और उनकी लिखी हुई विदुर नीति राजनीति का महाग्रंथ है। भगवान श्रीराम के साथ बनवासी निषादराज भी राज गुरुकुल में पढ़ते थे। उनके पुत्र लव-कुश महर्षि वाल्मीकि के गुरुकुल में पढ़े। वैदिक काल की बात करें तो कोई किसी का शोषण नहीं करता था। सबको शिक्षा का अधिकार था। कोई भी अपनी योग्यता के अनुसार पद पर पहुंच सकता था। आखिर जन्म आधारित जातीय व्यवस्था कैसे शुरू हुई इस पर तो बहुत कुछ लिखा जा सकता है लेकिन यह वास्तविकता है कि स्वार्थी नेताओं ने जातिवाद का पूरी तरह से राजनीतिकरण कर दिया और यह आज तक जारी है। राजस्थान के अलवर जिले में 8 साल के एक दलित बच्चे की बेरहमी से पिटाई की गई क्योंकि उसने ऊंची जाति के शख्स की पानी की बाल्टी को छू लिया था। इतना ही नहीं मारपीट करने वाले ने बच्चे के पिता और परिवार के खिलाफ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल भी किया। चौथी क्लास का बच्चा गांव के सरकारी स्कूल में लगे हैंडपम्प पर पानी पीने गया था तब उसने पानी की बाल्टी को छू लिया था। बच्चा इतना भयभीत हो गया कि अब वह स्कूल जाने से भी डर रहा है। पुलिस ने एससी-एसटी कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यद्यपि आज के आधुनिक दौर में जा?तिवाद कम हुआ है लेकिन विभिन्न शोध आज भी इस भ्रम को तोड़ते नजर आते हैं। माना जा रहा है कि शहरीकरण और आधुनिकीकरण के साथ जाति और गौत्र जैसी प्राचीन और परम्परागत पहचान धूमिल हो रही है लेकिन वास्तविकता यह है कि शहरों में बस्तियां जातियों के आधार पर बसी हुई हैं और सवर्णों के मोहल्लों में दलितों को अक्सर ठिकाना नहीं मिलता। गुजरात, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कई शहरों में ऐसा देखा गया है। बेंगलुरू शहर में आईटी क्रांति के बाद बसी आधुनिक बस्तियों में भी दलितों के न होने का चलन दिखाई देता है। आधुनिक अपार्टमैंटों में दलित बेहद कम हैं। कोलकाता के बारे में ये माना जाता है कि ये आधुनिकता की भूमि है और यहां के लोग काफी आधुनिक हैं, ये सामाजिक नवजागरण का भी केन्द्र रहा है।

# लोकतंत्र का उजाला अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही भाजपा



**विष्णुदत्त शर्मा**

> भारतीय जनता पार्टी के शून्य से शिखर की इस 44 वर्षों की यात्रा में कई अच्छे-बुरे पड़ाव आये है किंतु अपने ध्येयों की वजह से हमारा संगठन अपने मूल विचार पर आज भी चट्टान की भांति अडिग है। श्रद्धेय अटलजी संगठन के पहले अध्यक्ष बने एवं 1980 में भारतीय जनता पार्टी का प्रथम अधिवेशन मुंबई में आयोजित किया गया था। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्रद्धेय अटलजी ने भविष्यवाणी की थी, वो आज सत्य सिद्ध हो चुकी है। उन्होंने कहा था- मैं ये भविष्यवाणी करने का साहस करता हूं कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।

हमारी भारतीय जनता पार्टी का इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। जनसंघ की नींव श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने रखी थी। स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मिलित रहे थे किंतु नेहरू-लियाकत समझौते का विरोध एवं पंडित नेहरू की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के विरोध में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने 19 अप्रैल 1950 को केंद्रीय उद्योग मंत्री के पद से त्यागपत्र देकर कांग्रेस के विकल्प के रूप में एक नया राजनीतिक दल खड़ा करने का निर्णय किया। 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना हुई थी जिसके संस्थापक के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रमुख थे और जनसंघ का चुनाव चिन्ह दीपक तथा झंडा भगवा रंग का रखा गया। देश में सामान नागरिक सहिता, गौहत्या पर प्रतिबंध एवं जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना जनसंघ की राजनीति के प्रमुख विषय थे। वर्ष 1975 तक जनसंघ इन्ही मुद्दों को लेकर अपनी राजनीति कर रहा था किंतु इंदिरा गाँधी द्वारा आपातकाल की घोषणा एवं आपातकाल के विरोध में सयुंक्त मोर्चा खड़ा करने के उद्देश्य से तत्कालीन जनसंघ के नेतृत्वकर्ताओं ने 1977 में जनसंघ का विलय जनता पार्टी में किया किंतु अपने वैचारिक अधिष्ठान के स्वाभिमान हेतु जनता पार्टी से अलग होकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी, लाल कृष्ण आडवाणी जी सहित जनसंघ के अन्य नेताओं ने 6 अप्रैल, 1980 को पंच निष्ठाओं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी के नाम से नए राजनैतिक दल की स्थापना की। मूलतः भाजपा की यह यात्रा एक विचार की है जिसके आधार पर भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष होने के नाते मैं यह गंभीरता के साथ कह सकता हूँ कि वर्तमान राजनीति में संभवतः भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो व्यक्ति या परिवार पर आधारित ना होकर अपनी विचारधारा पर आधारित है। हमारी इसी वैचारिक स्पष्टता एवं अपने कार्यों के प्रति सक्रियता से ऐसे अनेक विषयों का समाधान हुआ है, जिनकी कल्पना करना भी असंभव था।



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर विशेष

दो सीटों पर विजय से शुरू हुआ भाजपा का संसदीय सफर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 400 का जादुई आकंडा छूने के नजदीक है। आज देश के हर कोने में भाजपा की सशक्त उपस्थिति है। आज भाजपा के बिना देश में कोई राजनीतिक प्रक्रिया सम्भव नहीं है। पूर्वोत्तर के जिन राज्यों में भाजपा का सत्ता में आना कुछ समय पहले तक मृग मरीचिका माना जाता था, वहाँ की जनता ने भी भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया और असम, त्रिपुरा, मणिपुर सहित अन्य राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनीं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की हर छोटी से बड़ी पंचायत में भाजपा की प्रभावी उपस्थिति दिनोंदिन बढ़ रही है। अब चहुँओर कमल ही खिलता दिखाई दे रहा है। चप्पा चप्पा भाजपा, यह अब नारा नहीं आज की तारीख में एक हकीकत बन चुका है। जिन सपनों को लेकर जनसंघ से लेकर भाजपा के कार्यकर्ता गाँव-गाँव गए, वे आज साकार हुए हैं। इस दीर्घकालिक प्रक्रिया में पार्टी ने एक से बढ़कर एक पराक्रमी और परिश्रमी नेतृत्व देखा। स्वएर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी तक भाजपा ने देश की दलगत राजनीति में ऐसे प्रेरणा के पुँज दिए हैं, जिनकी आभा से राजनीतिक जगत जगमगा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में हमारे नेतृत्व की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे संस्थापकों ने एवं भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं ने रामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुयी सरकारें भी न्योछावर कर दीं, यह अपने विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है। हमारे पितृपुरुषों का संकल्प एवं एक देश में ÷दो विधान दो प्रधान दो निशान नहीं चलेंगे की पूर्ति स्वरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार द्वारा लिया गया अनुच्छेद 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हमारी ध्येय पूर्ति की यात्रा का और एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार एवं हमारे पूर्व राष्ट्री य अध्यक्ष एवं देश के वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह जी के कार्यकाल में भाजपा ने श्रद्धेय अटलजी की सरकार तथा तत्कालीन संगठन की नीतियों को दिशा देने के प्रयास के साथ ही अपनी विचारधारा अनुरूप ÷राष्ट्र सर्वोपरि मानकर अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय किये हैं, जो हमारी विचारों की स्पष्टता को प्रतिलक्षित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ इच्छाशक्ति से जो सपना हमारे संस्थापकों ने भारत को विश्व गुरु बनाने का देखा था आज उस ओर हम कर्तव्यपरायणता के साथ अग्रसर हैं।

हमारी ध्येय यात्रा में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून, आपराधिक न्यायिक कानूनों में बदलाव के साथ ही पंडित दीनदयालजी जी के अंत्योदय पर आधारित गरीब- कल्याण की योजनाओं के द्वारा करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम भी हुआ है। वास्तव में, केंद्र और राज्यों की हमारी सरकारें सुशासन के प्रति समर्पित रहती हैं क्योंकि यही लोकतंत्र की आवश्यकता है। भाजपा समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात ही नहीं करती, बल्कि उसे चरितार्थ भी करती है। भाजपा द्वारा जनकल्याण के इस कार्य हेतु अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी केंद्र की सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत अनुरूप ही 50 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाते खुलवाए। आयुष्मान, उज्ज्वला और आवास योजनाएं संचालित की गई। देश खुले में शौच से मुक्त हो गया, घर घर बिजली पहुंचाई। 10 करोड़ से अधिक के गैस कनेक्शन दिए। हर घर शुद्ध पेयजल पहुँचाया। यह कुछ प्रमुख कार्य है जो देश की पूर्ववर्ती सरकारों के 50 वर्षों के शासनकाल की प्राथमिकता होनी चाहिए थी, किन्तु वोट बैंक की राजनीति की वजह से किसी एक वर्ग विशेष की चिंता ही उनकी राजनीति की प्राथमिकता रही है। आज भारत ही नहीं पूरा विश्व देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है, जिन्हें पूरा करना कभी असंभव सा लगता था। अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरे भारत ने अपने पुराने स्वाभिमान और आत्मवगौरव को भी वापस हासिल किया है।

*(लेखक मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष है।)*

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# भगवान राम की सब संतान

**संजय गोस्वामी**

आज परिवारवाद को लेकिन पार्टी की अपनी अपनी सोच है लेकिन परिवार का मतलब समझने की कोशिश करते हैं एक ही घर में एक साथ रहने वाले लोग जो किसी न किसी रिश्ते से बंधे होते हैं उसे परिवार कहते हैं। परिवार छोटा और बड़ा दोनों तरह का होता है। छोटा परिवार जिसे अंग्रेजी में न्यूक्लियर फैमिली भी कहते हैं उसमें सिर्फ माता-पिता और बच्चे होते हैं। वहीं एक बड़े परिवार में जिसे अंग्रेजी में जॉइंट फैमिली भी कहते हैं, उसमें दादा-दादी, चाचा-चाची, बुआ और भाई-बहन सब होते हैं। एक हंसता-खेलता परिवार सुखी परिवार की निशानी होती है। एक सुखी और संपन्न परिवार में बच्चे हमेशा आगे बढ़ते हैं और अच्छाई सीखते हैं। परिवार के सदस्यों में एकता रहती है और सब मिलजुल कर एक दूसरे का काम करते हैं। छोटे बच्चों को परिवार से बहुत प्यार मिलता है, खासकर उनके दादा-दादी और नाना-नानी से बहुत लाड मिलता है। एक संयुक्त परिवार में सब एक साथ बैठकर खाना खाते हैं। कोई भी फैसला लेने से पहले पूरे परिवार के सदस्यों से पूछा जाता है। परिवार जब आपके साथ होता है तो आपको कभी किसी मुसीबत से डर नहीं लगता है। जब भी परिवार के किसी एक सदस्य पर मुसीबत आती है, तो सारा परिवार एक साथ खड़ा रहता है। इंसान जीवन में जितनी भी कामयाबी हासिल कर ले लेकिन अगर उसका परिवार उसके साथ है तो यह कामयाबी दुगनी हो जाती है। परिवार में मौजूद छोटे बच्चे अपने बड़ों से सीखते हैं और उनकी अच्छाइयों को अपनाते है। परिवार में जितने भी लोग हैं उनका अपना अलग-अलग महत्व होता है। परिवार में जितने सदस्य होते है बच्चों को सभी से उतना ज्यादा प्यार मिलता है।कौन पार्टी क्या बोल रहा है उस पर उलझना ठीक नहीं होता कुछ लोगों की छेड़ना आदत होती है यदि हम मान लें मेरा परमात्मा या परम पिता भगवान राम है तो बहुत कुछ सिखने को मिलेगा और जितने भी संत महात्मा हुए सभी पर भगवान श्री राम की कृपा रही ऐ सही भी है क्योंकि मेरा वातावरण में ऑक्सीजन ईश्वर ही तो स्थूल शरीर को चलाने हेतु प्रदान कर रहा है और जब स्थूल शरीर नष्ट होगा तो सूक्ष्म शरीर पैदा होगा अतः यदि हम ईश्वर को ही अपने परिवार का सबसे बड़ा पिता माने तो गलत नहीं होगा क्योंकि ऐ संसार में सब कुछ का अंत होना निश्चित है और फिर जब उस युग का अंत होगा तो क़ोई दूसरा आएगा वो कैसा होगा मुझे या किसी को नहीं मालूम लेकिन कड़वां सत्य है कि रात होता है तो कुछ दीखता नहीं और वही दिन में सब दिखने लगता है और जो ईश्वर है वो गुलाब की फूल जैसा हर दिन सुगंध और प्रकाश देने वाला जो प्रकाश निरंतर हर जगह रहता है क्योंकि प्रकाश के लिए किसी भी माध्यम की आवश्यकता नहीं ऐ तो हमारे आँखों का खेल है जो उस प्रभाव में पावर के कारण नहीं दीखता है लेकिन वही प्रकाश को कोई दिन में भी देख लेता है और उसे किसी की चिंता नहीं कौन क्या बोल रहा है उसे संसार की चिंता है और वह सबकी नहीं सुनता है वो सिर्फ मेहनत और अपने विचार के बारे में सोचता है कि हमेशा ईश्वर के चरणों में विचार हो तब आप पर कितने भी क़ोई छींटे मारे आप इस तरह वाटरप्रूफ हो जायेंगे कि तनिक भी असर नहीं होगा शांत रहकर ईश्वर की आराधना करना ही सच्चा सुख है। इसे हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा पहले ही किसी न किसी रूप में श्रुति एवं ज्ञान परम्परा में लिपिबद्ध कर मानव कल्याण हेतु प्रस्तुत किया गया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# सवाल महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान का?

**निर्मल रानी**


भारत के राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक होते हैं। इस पद पर आसीन व्यक्ति भारतीय गणराज्य का प्रमुख भी होता है। कार्यपालिका का सर्वोच्च पद होने तथा तीनों सेनाओं के प्रमुख होने के नाते भी राष्ट्रपति को देश में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त होता है। परन्तु विगत समय से ऐसी कई घटनायें सामने आईं जिन्हें देखकर यह कहा जा सकता है कि कई बार देश के इस सर्वोच्च पद पर बैठने वाले महामहिम राष्ट्रपति को भी अपमानित करने का दुस्साहस किया गया। जिन दो महामहिम राष्ट्रपति के अपमान या यथोचित उन्हें सम्मान न दिए जाने की चर्चा रही उनमें एक तो वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं और दूसरे इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद। यह भी एक अजीब संयोग है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जिन्होंने 25 जुलाई, 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की वह महिला होने के साथ साथ आदिवासी समाज से सम्बन्ध रखने वाली पहली राष्ट्रपति भी हैं जबकि इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सम्बन्ध दलित समाज से था। राजनैतिक हल्क़ों में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के अपमान की चर्चा आदिवासी व दलित समुदाय के अपमान के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। परन्तु यदि इस राजनैतिक पहलू को पीछे छोड़ भी दिया जाये तो भी एक राष्ट्रपति के रूप में इन विभूतियों के साथ जो घटनायें घटित हुई हैं वह निश्चित रूप से इस सर्वोच्च गरिमामयी पद पर आसीन व्यक्ति के सम्मान पर प्रश्न चिन्ह ज़रूर खड़ा करती हैं।

ताज़ातरीन घटना गत 31 मार्च की ही है जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' सम्मान देने उनके निवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 10 अन्य विशिष्टजन तथा परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जिस समय लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' सम्मान से नवाज़ रही थीं उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के संगठन मंत्री बीएल संतोष तथा पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर लिये गये जो चार चित्र राष्ट्रपति भवन की ओर से एक्स पर पोस्ट किये गये उनमें से एक चित्र में साफ़ दिखाई दे रहा है कि जिस समय महामहिम राष्ट्रपति मुर्मू खड़े होकर ससम्मान लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान कर रही हैं उस समय लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे हैं और उनके बग़ल की कुर्सी पर प्रधानमंत्री मोदी भी बैठे हैं और ताली बजा रहे हैं। जबकि सामने की पंक्ति में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित सभी लोग भी बैठे हुये हैं। 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी के न खड़े हो पाने का कारण तो उनकी आयु व उनका ख़राब स्वास्थ्य माना जा सकता है परन्तु प्रधानमंत्री मोदी व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान में न खड़ा होना आलोचकों के लिये चर्चा का विषय ज़रूर बना। कुछ लोगों ने तो यहाँ तक आरोप लगाया कि यह सामान्य शिष्टाचार के ख़िलाफ़ तो है ही साथ ही जानबूझकर देश की आधी आबादी के साथ ही आदिवासियों को भी अपमानित किये जाने वाली घटना है। इसके पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन किया था उस समय भी विपक्ष सहित अनेक संगठनों, राजनेताओं व बुद्धिजीवियों ने कहा था कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा ही कराया जाना चाहिए था न कि प्रधानमंत्री द्वारा। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करना ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होता। इससे पूर्व जब नई संसद भवन का शिलान्यास समारोह हुआ था उसमें भी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आमंत्रित नहीं किया गया था।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## दैनिक पंचांग

**06 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.14 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृष | 07.54 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.52 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 12.06 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 14.22 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.45 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.59 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.15 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.20 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कुंभ | 03.07 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.40 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 97 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 10.20 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 15.40 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 06.15 बजे तदनन्तर शुक्ल(शुक्र) 02.20 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 10.20 बजे तदनन्तर गर 20.39 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 33'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871941
**जूलियन दिन** 2460406.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रमजान **तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# अज्ञान का आवरण

गुरू के पास डंडा था। उस डंडे में विशेषता थी कि उसे जिधर घुमाओ, उधर उस व्यक्ति की सारी खामियां दिखने लग जाएं। गुरू ने शिष्य को डंडा दे दिया। कोई भी आता, शिष्य डंडा उधर कर देता। सब कुरूप-ही-कुरूप सामने दीखते। अब भीतर में कौन कुरूप नहीं है? हर आदमी कुरूप लगता। किसी में प्रोध ज्यादा, किसी में अहंकार ज्यादा, किसी में घृणा का भाव, किसी में ईर्ष्या का भाव, किसी में द्वेष का भाव, किसी में वासना, उत्तेजना। हर आदमी कुरूप लगता। बड़ी मुसीबत, कोई भी अच्छा आदमी नहीं दिख रहा है।

उसने सोचा, गुरूजी को देखूं, कैसे हैं? गुरू को देखा तो वहां भी कुरूपता नजर आई। गुरू के पास गया और बोला कि महाराज! आप में भी यह कमी है। गुरू ने सोचा कि मेरे अस्त्र का मेरे पर ही प्रयोग! गुरू आखिर गुरू था। उसने कहा कि डंडे को इधर-उधर घुमाते हो, कभी अपनी ओर भी जरा घुमाओ। घुमाकर देखा तो पता चला कि गुरू में तो केवल छेद ही थे, यहां तो बड़े-बड़े गड्ढे हैं। वह बड़े असमंजस में पड़ गया।

कहने का अर्थ यह कि हमारी इन्द्रियों की शक्ति सीमित है। दूर की बात नहीं सुन पाते। भीतर की बात नहीं देख पाते। बहुत अच्छा है, अगर कान की शक्ति बढ़ जाए तो आज की दुनिया में इतना कोलाहल है कि नींद लेने की बात ही समाप्त हो जाएगी। देखने की शक्ति बहुत पारदर्शी बन जाए तो इतने बीभत्स दृश्य हमारे सामने आएंगे कि फिर आदमी का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। कुरूपता तो चेतना के भीतर होती है। प्रकृति की विशेषता है कि हमारा अज्ञान का आवरण टूट नहीं पा रहा है।

## शब्द पहेली - 7968

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला, मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**

1. नाज, नखरा, चौंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात -3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

**शब्द पहेली -7967 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | कु | ली | न | ■ | ■ | ह | ■ | श |
| शा | ■ | प | ■ | क | म | ल | ■ | र |
| दी | न | ई | मा | न | ■ | क | स | म |
| ■ | ■ | य | ■ | क | ल | ■ | हा | ■ |
| क | ल | र | व | ■ | त | क | रा | र |
| ■ | की | ■ | ध | न | ■ | मा | ■ | ■ |
| भ | र | म | ■ | क | हा | नी | का | र |
| ला | ■ | का | ज | ल | ■ | दा | ■ | ण |
| ई | ■ | न | ■ | ■ | का | र | ण | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6753

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6752 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# अवैध मुरुम उत्खनन में जेसीबी सहित तीन ट्रैक्टर जब्त

## सीएमराइज के ठेकेदार करवा रहे अवैध उत्खनन एवं परिवहन

**विजय मत, कोतमा।**

ग्राम पंचायत खोडरी नंबर 2 के ग्राम कुहका में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत सीएमराइज स्कूल का निर्माण कार्य शुरू है, जिसमें निर्माण कार्य का ठेका साँई इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला है, ठेकेदार द्वारा लगातार निर्माण कार्यों में अवैध तरीके से उत्खनन कर आए हुए रेट मिट्टी गिट्टी के उपयोग की शिकायतें लगातार मिल रही थी, जिस पर खनिज विभाग की इंस्पेक्टर द्वारा कार्यवाही करते हुए बुधवार को अवैध मुरुम का उत्खनन करते हुए एक जेसीबी सहित तीन ट्रैक्टर को जप्त किया है। जिनके द्वारा कुहका से अवैध रूप से मुरुम उत्खनन कर स्कूल के निर्माण में उपयोग किया जा रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक उक्त जगह से लगभग 200 से ज्यादा गा?ी मुरुम का उत्खनन कर ग्रेवल मार्ग और स्कूलों में ले जाया गया है। ठेकेदार द्वारा ना तो उत्खनन की परमिशन खनिज विभाग से ली गई और ना ही परिवहन पर किसी प्रकार की रॉयल्टी मुरुम की खदान या मुरूम की नहीं चुकाई गई है, जिससे अच्छा खासा राजस्व का नुकसान प्रशासन को हो रहा है।




**मुरुम की जगह मिट्टी साबित करने में जुटा ठेकेदार**–खनिज विभाग द्वारा जिले में एक भी खदान मुरुम प्रस्तावित नहीं की गई है, बावजूद उसके जिले भर में मुरूम का इस्तेमाल कर ग्रेवल सड़क बनाई जा रही है वहीं सीएम राइजिंग स्कूल में बिना परमिशन के मुरुम का उत्खनन कर बिना रॉयल्टी जमा किए ही परिवहन किया जा रहा था जो कि कानून अपराध है। ठेकेदार द्वारा शासकीय भूमि से बिना किसी परमिशन या बिना किसी के अनुमति लिए अपनी मर्जी से जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से तालाब नुमा गड्ढा बनाकर मुरुम और मिट्टी का उत्खनन बड़ी मात्रा में किया गया है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 200 से भी ज्यादा गाड़ी से मुरूम का परिवहन सीएमराइज स्कूल बनाने और हाल ही में बैहाटोला में ग्रेवल सड़क मार्ग बनाने में उपयोग किया गया है जबकि किसी भी तरह की मुरुम की खदान प्रस्तावित नहीं है फिर भी ग्रेवल सड़क मार्ग में अवैध मुरूम का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का कार्य भी किया गया है जिस पर खनिज विभाग को बाकायदा कार्यवाही की जानी चाहिए।

**वर्तमान और पूर्व में हुए उत्खनन का लगना चाहिए जुर्माना**–उक्त जगह तालाब नुमा गड्ढा बनाकर मुरुम और मिट्टी की अवैध तरीके से उत्खनन किया गया है। खनिज विभाग के आला अधिकारियों द्वारा मौका स्थल में पहुंचकर ट्रैक्टर जेसीबी और ट्रैक्टर में लोड मुरूम को जप्त किया गया है। सूत्रों की माने तो ठेकेदार द्वारा लंबे अरसे से उक्त जगह से मुरुम उत्खनन का कार्य किया जा रहा था जिससे तालाब नुमा गड्ढा भी पूरी तरह से बन गया है खनिज विभाग द्वारा उक्त गड्ढे का भौतिक सत्यापन कर ठेकेदार से मुरुम उत्खनन के जुर्माने के साथ-साथ राजस्व की दोगुना वसूली की जानी चाहिए। और इस्तेमाल किए गए मुरुम को जप्त कर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।

**इनका कहना है...**

मौके पर जेसीबी और तीन ट्रैक्टर अवैध मुरुम का उत्खनन करते हुए पाया गया है जिन पर कार्यवाही की जा रही है।

» **ईशा वर्मा**
खनिज इंस्पेक्टर

## न्यूज इन शॉर्ट

### भतीजे ने चाची को कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट

उमारिया । उमरिया में पानी के विवाद को लेकर भतीजे ने चाची को कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के पठारी गांव की बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी फरार है। जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के पठारी गांव निवासी कलवतीया बाई का अपने भतीजे लल्लूलाल कोल से पानी को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद लल्लूलाल ने अपनी चाची के साथ गाली गलौज शुरू कर दी, कलवतिया ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने आक्रोशित होकर कुल्हाड़ी से कलवतिया के गले में वार कर दिया जिसे घायल अवस्था में जानकर परिजन जिला अस्पताल लेकर पंहुचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है । मृतिका के बेटे प्रेमलाल ने बताया है आरोपी उसकी मां से आए दिन विवाद करता था और घटना दिनांक के दिन भी पानी को लेकर विवाद हुआ और गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे उसकी मां की मौत हो गई है,नौरोजाबाद थाना टीआई अरुणा द्विवेदी ने बताया है घटना पर से अपराध कायम कर आरोपी की तलाश की जा रही है शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा।



### आग से जलकर फसल हुई खाक

उमारिया। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम घघडार में गेंहू के खड़ी फसल में आग में जलकर खाक हो गई। बताया जाता है । करीब सैकड़ों क्विंटल गेंहू जलकर राख होंने का अनुमान है। आग स्थानीय किसान राकेश पिता चुटुदाना बैगा एवं कनछेदी पिता रज्जू यादव के खेत में लगी है। आग लगने का कारण अज्ञात है। घटना के बाद सम्बंधित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है।घटना के करींब घण्टे भर बाद अभी आग की लपटों को बुझाने दमकल पहुंचा ,पर आग लगने के बाद से ही लोकल किसान सक्रिय हो गए थे,और करींब 60 से 70 फीसदी आग पर काबू पाने सफलता मिल भी गई थी,बताया जाता है कि समय पर स्थानीय किसान सक्रिय नही होते तो आग की लपटें और भी कई किसानों के खेत मे लगी खड़ी फसल को राख में तब्दील कर देती।पीड़ित किसानों ने प्रशासन से राहत की गुहार लगाई है।

### प्रेक्षक कि उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न

उमारिया - लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 12 अजजा शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पी शांतनु गोतमारे कि उपस्थिति में कलेक्टर सभागार में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर पूरी सजकता के साथ मतदान केंद्रों में उपस्थित रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान केंद्र में तैयारी का आकलन कर ले। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) की उपलब्धता की जांच करे। मतदान (माक पोल) पर निगरानी रखना और यह देखना कि यह आयोग के अनुदेशों के अनुसार हो। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव गोविंद सिंह मरकाम, ए आर ओ बांधवगढ़ रीता डेहरिया, मानपुर कमलेश नीरज एवं माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने प्रशिक्षण में बताया कि माइक्रो ऑब्जर्वर को यह देखना है कि दिखावटी मतदान (मॉक पोल) के बाद तथा वास्तविक मतदान आरंभ होने से पहले कंट्रोल यूनिट से मतों को हटा दिया गया है और दिखावटी मतदान (माक पोल) प्रमाण-पत्र पर पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। मतदान दिवस को उन्हें विहित फॉर्मेट में अपनी रिपोर्ट के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं को नियमित रूप से लिखना चाहिए। यह बिल्कुल स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी स्थिति में माइक्रो-ऑब्जरवर पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के रूप में कार्य नहीं करेंगे। उनका कार्य यह प्रेक्षण करना है कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो। मतदान दिवस को प्रेक्षण की प्रक्रिया के दौरान सूक्ष्म प्रेक्षक विशेप रूप से दिखावटी मतदान (माक पोल) प्रक्रिया, मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति तथा उनके संबंध में ईसीआई के अनुदेशों का अनुपालन, प्रवेश पास प्रणाली का अनुपालन तथा मतदान केंद्र में पहुंचना, ईसीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्वाचकों की समुचित पहचान, अनुपस्थित, अन्यत्र चले गए तथा मृत मतदाता की सूची (एएसडी सूची) के लिए पहचान और रिकार्ड करने संबंधी प्रक्रिया, अमिट स्याही लगाया जाना, मतदाता की पहचान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों को लिखने सहित रजिस्टर प्रारूप 17क में निर्वाचकों का विवरण लिखना, मतदान की गोपनीयता, मतदान अभिकर्ताओं का आचरण, उनकी शिकायत, यदि कोई हो, आदि के बारे जानकारी दी गई।

# महाविद्यालय कोतमा की एनएसएस इकाई का विशेष शिविर सम्पन्न

**विजय मत, कोतमा।**

महाविद्यालय कि हस्स् पुरुष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह प्राचार्य डॉ. व्ही के सोनवानी तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। स्वयं सेवकों के समूह गीत के पश्चात माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ़ेसर राकेश कुमार पवार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होने कहा कि विशेष शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियां जैसे योग व्यायाम, परियोजना कार्य, श्रम सीकर, बौद्धिक सत्र, खेल कूद , जनसंपर्क एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के सरोकारों समाज के सरोकारों से जोड़ते हुए व्यक्तित्व विकास और संप्रेषण कौशल के विकास का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ है। शिविर के सदस्य सागर प्रसाद गुप्ता और साथियों के द्वारा बेटी बचाओ थीम पर आधारित लोकप्रिय गीत ओ री चिरैया की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई।प्राचार्य डॉक् व्ही के सोनवानी ने इस अवसर पर शिविर में सहभागिता कर रहे हैं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से उनमें जीवन की चुनौतियों से संघर्ष करने हेतु आत्मबल और नैतिक बल दोनों ही प्राप्त होंगे । प्रो श्रीकांत मिश्रा ने सभी स्वयंसेवकों को शिविर में सहभागिता करने हेतु बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ. अनिता तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से विद्यार्थी ग्रामीण समस्याओं को और निकट से समझने और निकट से समझने की अवसर प्राप्त करते हैं । प्रो. मो. मोवीन ने कहा कि सात दिवसीय शिविर सभी प्रतिभागियों के के व्यक्तित्व विकास हेतु एक सशक्त आधार सिद्ध होगा ।प्रो. राजेश वरकड़े ने इस अवसर पर कहा कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थी समूह भावना का विकास करते हुए समस्याओं से मिलकर लड़ने का हुनर सीख सकते हैं। इस अवसर पर प्राथमिक शाला जमुड़ी के शिक्षक जवाहर-लाल कोठी ने कहा कि हमारे परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन से हमें और हमारे विद्यार्थियों को भी मिलकर साफ़ सफ़ाई करने की सीख मिली है।सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल आयोजन में राजा बाबू साहनी,प्रीतम सिंह,आकाश यादव अंश जैन, अरुण लखेरा, आयुष मिश्रा, प्रियांशु शर्मा, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सागर प्रसाद गुप्ता, करण हरिजन, हरिश्चंद्र मार्को, अनंत जैन, शिवांश शर्मा, राज ताम्रकार, रवि साहु, दुर्गेश माहरा, भूपेंद्र सिंह, सागर सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हत्याकांड के सभी 06 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश के कारण युवक की लाठी डंडो से पीट-पीटकर की गई थी हत्या

**विजय मत, उमरिया।**

फरियादी कैलाश यादव निवासी नरवार थाना चंदिया द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 03अप्रैल2024 को मेरा बड़ा भाई कमलेश यादव उम्र 38 साल शाम करीब 4बजे अपने दोस्त के साथ उमरिया जाने के लिये निकला था, उसी रात करीब 12 बजे मेरे रिस्ते के जीजा सुनील यादव द्वारा बताया गया कि तुम्हारे भाई कमलेश के साथ भोला यादव निवासी कोयलारी व उसके घर के लोग बहुत मारपीट किये है जिससे उसको बहुत चोट आई है। तब मैं अपने पिता एवं भतीजे के साथ कोयलारी गांव आया और देखा कि मेरा भाई गंभीर हालत में गुलाब यादव के घर के पास खेत में पड़ा है जिसे हम जिला अस्पताल उमरिया लेकर आये । मेरे भाई के सिर व शरीर पर चोट के निशान थे । अस्पताल में मेरे भाई कमलेश को इलाज के दौरान होश आया और उसने बताया कि वह अपने दोस्त को कोयलारी छोड़ने गया था , उसे छोड़कर रात करीब 09 बजे घर वापिस आ रहा था तभी लाला यादव के घर के सामने भोला यादव व उसके साथी शम्भू यादव, विदेश यादव, दिनेश यादव, लाला यादव, मुन्ना यादव मेरी गाड़ी रोक लिये और पुरानी रंजिश को लेकर सभी लोगो ने जान से मारने की नीयत से मेरे साथ लाठी-डंडे से मारपीट किये जिससे मेरे सर व पूरे शरीर पर चोटे है मैं वहां से गिरते पड़ते जान बचाने की कोशिश में भागा और आगे खेत में गिर गया । भोला यादव एवं उसके साथियो द्वारा मेरे भाई के साथ की गई मारपीट के कारण आई गंभीर चोटो से इलाज के दौरान मेरे भाई की मौत हो गई । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपियो के विरूद्ध धारा 341,302,34 ताहि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया । घटना के पश्चात मामले की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान अति. पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल एवं पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एवं उत्कृष्ट विवेचना व साक्ष्य संकलन के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही श्रीमान् छ्त्त सर द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 30 हजार रूपये के इनाम की उद्घोषणा की गई । पुलिस टीम द्वारा मामले में 01 आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया गया एवं 05 फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयासो को तेज कर दिया गया । पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर फरार सभी 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जो कि अन्यत्र स्थान पर भागने की फिराक में थे । उमरिया पुलिस द्वारा प्रकरण में सभी 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है ।अति. पुलिस पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल, पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया व अनु. अधि. पुलिस उमरिया के कुशल मार्गदर्शन / निर्देशन में संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश चंद्र मिश्रा, उनि बृजकिशोर गर्ग, सउनि पीयूष गौतम, सउनि उमेश सिंह, सउनि अमरबहादुर सिंह (चौकी सिविल लाईन), प्र.आर. जगदीश तिवारी, प्र.आर. राजकुमार गुर्दे, प्र.आर. अशोक सिंह, प्र.आर. राजेन्द्र सिंह, प्र.आर. शिशिर त्रिपाठी, प्र.आर. राजेन्द्र, आर. सुनील, आर. कृष्णा कापसे एवं सायबर सेल से राजेश सोंधिया एवं संदीप सिंह का सराहनीय योगदान रहा ।




# रैली के माध्यम से दिया गया मतदान करने का संदेश



**विजय मत, उमरिया।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन , सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया की उपस्थिति में मानपुर स्टेडियम ग्राऊंड से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । रैली के माध्यम से 19 अप्रैल मतदान दिवस के दिन समस्त मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। रैली के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सी ई ओ जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारी हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्तियां लेकर आम मतदाताओं को जागरूक किया । रैली के माध्यम से अपनी सबकी जिम्मेदारी है- मतदान की तैयारी है। एक वोट से होय फैसला- मतदाता का यही हौसला,कभी न मुह की खाता है- जो सच्चा मतदाता है,लोकतंत्र का ज्ञाता है- मतवाला मतदाता है आदि संन्देश दिया गया। रैली में एस डी एम कमलेश नीरज, सी ई ओ जनपद पंचायत राजेंद्र त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर अम्बिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर, तहसीलदार मानपुर, उप पंजीयक आशीष श्रीवास्तव, डी पी सी सुशील मिश्रा, संजय पांडे, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्टेडियम में आयोजित किया गया स्वीप कार्यक्रम

उमरिया। मतदाता लोकतंत्र की पहचान है, हमारा एक मतदान लोकतंत्र की मजबूत नींव रखता है, हमें इस दायित्व का निर्वहन लोक सभा 2024 के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदान केन्द्र पहुँच कर करना है।उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में मतदान के प्रति भारी उत्साह है, जिला प्रशासन चाहता है कि जिले का हर मतदान केन्द्र शत प्रतिशत मतदान करने वाले मतदान केन्द्र धूप खडा बने।

# मतदाताओं को जागरूक करने आयोजित की जा रहीं विभिन्न स्वीप गतिविधियां




**विजय मत, अनूपपुर।**

अनूपपुर जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा नोडल अधिकारी स्वीप तन्मय वशिष्ठ शर्मा की नेतृत्व में स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को एक वोट का महत्व बताया जा रहा है साथ ही उनके अधिकारों की भी जानकारी दी जा रही है, जिससे वे निर्भीक, निष्पक्ष, स्वतंत्रता से अपने मतों का प्रयोग कर सके।

**ग्राम बकेली दिव्यांग मतदाताओं को प्रेरित करने बांटे जा रहे पीले चावल**–लोकसभा निर्वाचन में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत जिलें के ग्राम बकेली सहित अन्य विभिन्न ग्रामों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान हेतु संदेश दिया जा रहा है तथा दिव्यांग मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**रंगोली बनाकर मतदान करने किया गया प्रेरित** –जैतहरी जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामो में महिलाओं ने मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदान संबंधी रंगोली बनाई गई एवं मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही आने वाले 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।

**जिले के सभी ग्रामों में निकाला जा रहा है मतदाता जागरूकता रैली** –अनूपपुर जिले के सभी जनपदो एवं ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदाता जागरूकता के नारों के साथ मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदाताओं को उनके मतो के अधिकार के संबंध में भी समझाइए दी जा रही है।

**मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान करने हेतु किया जा रहा प्रेरित** –शा.उ.मा.वि. चिल्हारी, धिरौल, पटना, पिपरिया सहित अन्य विद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्राओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। छात्रों ने अपने सहपाठियों के हाथ में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखकर चित्र भी बनाया जा रहा है।

**दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक** –मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारे एवं मतदान की तरीख लिखकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जागरूकता नारों ''सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से'' एक वोट से होती जीत हार वोट न हो कोई बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। लोकतंत्र का यही है नारा मतदान करना गर्व हमारा। वोट करें वफादारी से चयन करें समझदारी से आदि लिखकर मतदान की महत्व के बारे में बताया गया।

**पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं किया जा रहा जागरूक**– जिले में स्कूली छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान की अपील की। छात्राओं ने अपने हाथों से पोस्टर बनाएं जिनके माध्यम से संदेश दिया जा रहा। इसके अलावा स्कूलों में मतदान के लिए जागरूक करने के लिए आकर्षक रांगोली बनाई।

**कार्यक्रम**

## जनपद पंचायत सीईओ के नेतृत्व मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीणों के बीच मे जनपद पंचायत सीईओ के मनाया जन्मदिन पेश की अनूठी मिशाल






**विजय मत, शहडोल।**

कमिश्नर शहडोल बी.एस. जामोद एवम कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल तरुण भटनागर के निर्देशन पर व सीईओ जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन पर जयसिंहनगर जनपद पंचायत के सीईओ अशोक मरावी के नेतृत्व पर लोकसभा चुनाव 2024 मतदान दिवस 19 अप्रैल को द्रष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत झिरिया के ग्राम पेडरा पर स्थानीय आम मतदाताओ को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए रैली व आम सभा कार्यक्रम का आयोजन करके जनजागरण किया गया एवम जनपद पंचायत के सीईओ अशोक मरावी ने अपना जन्मदिन गांव के मतदाताओं के बीच मनाकर शत प्रतिशत मतदान की अपील किया गया ,उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत के पेसा ब्लॉक समन्वयक श्री शारदा मौर्य व जनपद स्टाफ सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच ,सचिव, ग्राम रोजगार सहायक ,पेसा मोबिलाइजर,आगनबा?ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता व अन्य समाज सेवी सहित समस्त मतदाता उपस्थित थे,आम सभा को सम्बोधित करके सीईओ जनपद के द्वारा ग्रामीण मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन व भय से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई।

## सोने से पहले ऐसा करें... कम हो जाएगी तोंद



अपनी बढ़ी हुई तोंद से परेशान हैं, तो टेंशन न लें। हैरत होगी यह जानकर कि इसे कम करना आसान है। इसके लिए यह पीकर सोएं...फर्क कुछ दिनों में नजर आ जाएगा...



### खीरा

सोने से पहले खीरे का जूस पीएं। यह पेट साफ करता है। यह फैट नहीं बढने़ देता। एक खीरे में मात्र 45 कैलोरी होती है। इसमें 96 प्रतिशत पानी और फाइबर पाया जाता है, जो कि बिना कैलोरी के होता है, इसे खाने से आपका वजन नहीं बढ़ेगा। अगर आप खीरे से तैयार सलाद बना कर खाएंगे, तो 3 दिन में लगभग 2 किलो वजन तो कम हो ही जाएगा।

### नींबू पानी

नींबू पानी मोटापा कम करने में कारगर है। सही है नींबू पानी पीएं और वजन घटाएं। नींबू पेट की चर्बी करने में सहायक है। नींबू के 25 ग्राम रस में करेले का 15 ग्राम रस मिलाकर पीने से मोटापा नष्ट होता है। अगर जल्द मोटापा कम करना हो, तो हर भोजन के बाद गरम पानी में शहद और नींबू का रस डालकर पीने से एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है।

### अदरक का रस

एक चम्मच अदरक का रस तोंद कम कर सकता है। यह फैट बर्न करता है। एक गिलास कुनकुने पानी में आधे नींबू का रस, दस बूंद अदरक का रस एवं दस ग्राम शहद मिलाकर रोज पीने से मोटापा कम किया जा सकता है।

### एलोवेरा जूस

एलोवेरा जूस, अमृतबूटी समान होता है, हर मर्ज में यह काफी लाभकारी होता है। हर दिन एक ग्लास एलोवेरा जूस पीने से वजन घट जाता है और सही रहता है। इसे पीने से पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है।

### यह ड्रिंक है गजब

एक जग में दो लीटर पानी लें। उसमें दस-बारह पुदीना का पत्ते, एक छोटा चम्मच पिसा हुआ अदरक, एक मध्यम आकार का स्लाइस किया हुआ खीरा और एक नींबू स्लाइस किया हुआ सब एक एक करके डालें। इन सब चीजों को जग में डालकर रात भर के लिए यूं ही छोड़ दें। एक महीने तक यह ड्रिंक पीएं। पेट की चर्बी काफी हद तक कम हो जाएगी।

## रातोंरात गोरी रंगत पाने के लिए आज़माएं ये फेस मास्क

अगर आप भी निखरी त्वचा पाने के लिए महंगे स्किन व्हाइटनिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल कर निराश हो चुकी हैं तो घबराइए मत क्योंकि हमारे पास आपके लिए असरकारी और सस्ता नुस्खा है। आज हम आपको DIY के कुछ ऐसे फेस मास्क के बारे में बताने जा रहे हैं जो रातोंरात आपकी त्वचा के रंग को निखार सकते हैं। इन प्राकृतिक नुस्खों की मदद से आपक त्वचा सुंदर और निखरी हुई दिखेगा और सबसे खास बात ये है कि इनका खर्चा भी ब्यूटी प्रॉडक्ट्स के मुकाबले बहुत कम है।

पिगमेंटेशन और सन टैनिंग की वजह से त्वचा का रंग काला या गहरा पड़ जाता है। त्वचा संबंधित ऐसी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आपको इन प्राकृतिक नुस्खों को जरूर आज़माना चाहिए इन घरेलू फेस मास्क को बनाने में जिन चीज़ों का प्रयोग होता है उनमें प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स और ब्लीचिंग एजेंट्स होते हैं। रातभर इन्हें त्वचा पर लगाए रखने से चमत्कारिक असर देखने को मिलता है। तो चलिए जानते हैं इन फेस मास्क के बारे में जो रातोंरात आपका रंग निखार सकते हैं।

**नोट:** इनमें से किसी भी फेस मास्क को लगाने से पहले उसका पैच टेस्ट जरूर कर लें ताकि आपको पहले ही पता चल जाए कि इनमें से कोई चीज़ आपकी त्वचा को हानिकारक प्रभाव तो नहीं पहुंचा रही है।

### केले और गुलाबजल

केले और गुलाबजल से बने इस फेस मास्क को पूरी रात के लिए त्वचा पर लगा रहने दें। इससे त्वचा का रंग निखर कर आएगा।

जल्दी से जल्दी असर पाना चाहते हैं तो हफ्ते में दो बार इस फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं।

**सामग्री**

एक पका केला
एक चम्मच गुलाबजल

**तरीका**

■ केले को मसलकर उसमें एक चम्मच गुलाबजल मिलाएं।
■ लगातार इसे हिलाते रहें।
■ अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं।
■ रातभर के लिए इसे चेहरे पर ही लगा रहने दें।
■ सुबह होने पर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### योगर्ट और खीरे



खीरा और योगर्ट, दोनों ही त्वचा को निखारने के लिए जाने जाते हैं। इन दोनों चीज़ों को एकसाथ मिलाकर लगाने से त्वनचा पर चमत्कारिक असर देखने को मिलता है। गोरी रंगत पाने के लिए सप्ताह में एक बार ये प्राकृतिक फेस मास्क जरूर लगाएं।

**सामग्री**

एक चम्मच योगर्ट
2 कटे हुए खीरे (छोटे-छोट टुकड़े)

**तरीका**

■ खीरे के टुकड़ों को अच्छी तरह से पीस लें।
■ अब इस पेस्ट को योगर्ट के साथ? मिक्स करें।
■ इस मास्क को पूरे चेहरे पर लगाएं।
■ सुबह होने पर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### नीबू का रस और शहद

नीबू के रस और शहद दोनों से ही त्वचा के रंग को निखारा जा सकता है क्योंकि इनमें ब्लीचिंग यौगिक मौजूद होते हैं जो गोरी रंगत पाने में मदद करते हैं। गोरी रंगत पाने के लिए सप्ताह में एक बार रातभर के लिए इस फेस मास्क को जरूर आज़माएं।

**सामग्री**

आधा चम्मच नीबू का रस
एक चम्मच शहद

**तरीका**

■ ताज़ा नीबू का रस
■ इसमें आवश?यकतानुसार शहद मिलाएं।
■ इस मास्क को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
■ रातभर के लिए इसे चेहरे पर ही लगा रहने दें।
■ सुबह होने पर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### हल्दी पाउडर और ऑलिव ऑयल

सदियों से हल्दी और ऑलिव ऑयल का प्रयोग त्वचा की रंगत को निखारने के लिए किया जा रहा है। इन दोनों ही चीज़ों में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं तो त्वचा के दाग-धब्बों को कम करके उसकी रंगत को निखारने का काम करते हैं।

गोरी रंगत पाने के लिए सप्ताह में एक बार इस फेस मास्क का प्रयोग जरूर करें।

**सामग्री**

आधा चम्मच हल्दी पाउडर
एक चम्मच ऑलिव ऑयल

**तरीका**

■ हल्दी पाउडर और ऑलिव ऑयल को एकसाथ मिक्स करें।
■ इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
■ इसे रातभर चेहरे पर लगा रहने दें।
■ सुबह होने पर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।



### मिल्क पाउडर और बादाम ऑयल

इस लिस्ट में बताए गए अन्य फेस मास्क की तरह ही इसमें भी स्किन ब्लीचिंग एजेंट्स मौजूद हैं।

इसे फेस मास्क को रातभर लगाए रखने से इसका असर दोगुना हो जाता है। गोरी रंगत पाने के लिए सप्ताह में एक बार इस फेस मास्क का प्रयोग जरूर करें।

**सामग्री**

आधा चम्मच मिल्क पाउडर
एक चम्मच बादाम का तेल

**तरीका**

■ इन दोनों चीज़ों को एकसाथ मिक्स कर लें।
■ इसे अब अपने चेहरे पर लगाएं।
■ इसे रातभर चेहरे पर लगा रहने दें।
■ सुबह होने पर हल्का गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### स्ट्रॉबेरी और ग्रीन टी

गोरी रंगत पाने के लिए आप इस स्वादिष्ट फल का प्रयोग भी कर सकते हैं।

ग्रीन टी के साथ मिलाकर लगाने पर इसका असर दोगुना हो जाता है। ये दोनों चीज़ें मिलकर चेहरे से धूल-मिट्टी को बाहर निकाल त्वचा को निखारने का काम करती हैं।

**सामग्री**

एक पकी हुई स्ट्रॉबेरी
एक चम्मच ग्रीन टी

**तरीका**

■ स्ट्रॉबेरी को क्रश कर लें।
■ ताज़ा ग्रीन टी को पकाएं।
■ ग्रीन टी में से एक चम्मच निकालें और उसे ठंडा होने दें।
■ अब इन दोनों चीज़ों को एकसाथ मिलाएं।
■ इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
■ इसे रातभर चेहरे पर लगा रहने दें।
■ सुबह होने पर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### जीरा और तरबूज का रस

गोरी रंगत पाने के लिए कई लोग जीरे के साथ तरबूज के रस का प्रयोग करते हैं। ये नुस्खा काफी पुराना और असरकारी है।

इन दोनों ही चीज़ों में त्वचा को निखारने वाले यौगिक मौजूद होते हैं। गोरी रंगत पाने के लिए सप्ताह में एक बार इस फेस मास्क का प्रयोग जरूर करें।

**सामग्री**

एक चुटकी जीरा
एक चम्मच तरबूज का रस

**तरीका**

■ एक कटोरी में पानी भरकर उसमें जीरा भिगो दें।
■ जीरे को पीसकर उसमें तरबूज का रस मिलाएं।
■ इसे मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं।



## स्टाइल में एक्सपेरिमेंट्स अपनी लंबाई ज्यादा दिखाने के लिए







कई बार हाइट छोटी होने के कारण दोस्तों के साथ बाहर या डेट पर जाना पसंद नहीं करते हैं। निश्चित उम्र के बाद हाइट बढ़ाना मुमकिन नहीं है, लेकिन कपड़ों और लाइफस्टाइल में थोड़ा बदलाव लाने से हाइट ज्यादा दिखाई जा सकती है। जानिए ऐसी छह टिप्स के बारे में...

### हाई-वेस्ट लोअर्स

अपनी पैंट्स, ट्राउज़र्स या जींस को अपनी वेस्ट-लाइन के ऊपर पहनें। इससे आपकी टांगे लंबी लगेंगी। ये हाई वेस्ट पैंट्स आपके फिगर को लंबा दिखाएंगी। वहीं, हाई-वेस्ट पेंसिल स्कर्ट भी अच्छा ऑप्शन साबित होगा। बस इसकी फिटिंग अच्छी हो, तभी ये आपके हिप्स को ऊंचा और टांगों को लंबा दिखाएंगी।

### सॉलिड कलर्स

पैटर्न्स और प्रिंट्स आपकी बॉडी को छोटा दिखाती हैं। इसलिए लोअर्स में मरसाला, ब्लू और ब्लैक जैसे सॉलिड कलर्स पहनें। अच्छा असर देखने को मिलेगा।

### वेस्टलाइन

गर्मियों में मैक्सी ड्रेसेस हमारी पसंद में हैं तो अगली बार से आप भी गर्मियों में कम से कम एक पीस अपने कलेक्शन में जरूर रखें। आप स्ट्राइप्स वाले लम्बे कुर्ते भी पहन सकती हैं, बस ध्यान रखें कि इसके स्ट्राइप्स बहुत चौड़े न हो।

### वर्टिकल स्ट्राइप्स

शॉर्ट लड़कियों पर जो एक प्रिंट अच्छा लगता है, वो है स्ट्राइप्स। ये आपके लुक को पतला और लंबा दिखाता है, बस आपको जरूरत है एक अच्छा पीस चुनने की। जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्ड पैंट्स या पलाजो ! आप एक लंबा स्ट्राइप्स वाला कुर्ता भी पहन सकती हैं, बस ध्यान रखें कि ये स्ट्राइप्स जरूरत से ज्यादा मोटे और चंकी न हों।

## स्टाइलिश पेंटेड का क्रेज...



**स्टाइलिश लुक के लिए हमेशा नए की तलाश में रहने वाली महिलाओं के बीच स्टाइलिश पेंडेट्स का खासा क्रेज़ है। गर्ल्स की यह चाहत पूरी हो रही है ज्वैलरी व गिफ्ट शॉप्स में, जहा मौजूद है पेंडेट्स की ढेरों नई वैरायटीज।**

### व्हाइट मेटल पेंडेट

व्हाइट मेटल पेंडेट आपको हर डिजाइन व शेप में मिल जाएंगे, लेकिन आप पर कैसा फबेगा, यह ड्रेस पर भी निर्भर करेगा। व्हाइट पेंडेट आप थ्रेड चेन में पहन सकती है। सफेद चमकदार होने के कारण इसका अलग ही लुक आता है।

### जंक पेंडेट

इस समय जंक पेंडेट अपने डल और सोबर कलर से महिलाओं को खूब लुभा रहे है। कापर के ब्राउन, ब्लैक और यलो जैसे शेड्स के पेंडेट अट्रैक्टिव लुक देते है। इन पेंडेट को डिफरेंट लुक देने के लिए कॉपर चेन या मोती की माला का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### ब्लैक मेटल पेंडेट

इन पेंडेट की विशेषता है कि यह हर तरह की चेन पर फिट हो जाते है। इन्हें स्टाइलिश लुक देने के लिए इनमें कई चेन डाल कर भी पहना जा सकता है। यह डिफरेट शेप व हर साइज में अच्छे लगते है।



मॉर्केट में लार्ज सिंगल बीड और क्रिस्टल बॉल वाले पेंडेट भी यूनीक स्टाइल में उपलब्ध है। बीड एंड पर्ल पेंडेट जींस टॉप और सलवार सूट पर परफेक्ट लगते है। इनको डिफरेट लुक देती है अटैच मोती व क्रिस्टल की माला। भारी-भरकम ज्वैलरी को दरकिनार कर सिंपल व गार्जियस लुक चाहती है तो पेंडेट्स बेहतर विकल्प हो सकते है।

## खास लुक देते हैं एलीगेंट बैंड्स...



**स्लीक** प्लैटिनम बैंड आपके लुक को खास बना सकता है। मौका चाहे किसी की शादी का हो, पार्टी का हो या किसी पारंपरिक पर्व का इन अवसरों के लिए आप अपने परिधानों से मेल खाते बैंड का चयन कर सकती हैं। अपने लुक में ग्लैमर ऐड करना चाहती हैं, तो बैंड एक बेहतरीन विकल्प है। यह बेहद क्लासी लगता है और इसे कैरी करना भी आसान होता है।

### विभिन्न प्रकार

इन दिनों कई तरह के बैंड्स चलन में हैं, लेकिन सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं लो हाइट वाले प्लैटिनम और गोल्ड बैंड्स। कॉलेज के युवा फंकी बैंड्स पहनना पसंद करते हैं। साथ ही कम हाइट वाले सिंपल गोल्ड बैंड्स भी उन्हें पसंद आते हैं।

### स्टडेड बैंड

जरूरी नहीं है कि आप बैंड पहनने के लिए अपनी एन्गेजमेंट का इंतजार करें। कॉकटेल पार्टी, मैरिज पार्टी जैसे अवसरों पर भी बैंड आपके लुक का आकर्षण कई गुना बढा सकता है। अगर आप प्रयोगधर्मी हैं तो स्टडेड बैंड भी पहन सकते हैं।

### सावधानी है जरूरी

अगर गोल्ड बैंड खरीद रहे हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि वह हॉलमार्क प्रमाणित है या नहीं। डायमंड स्टडेड बैंड खरीदने से पहले यह जांच लें कि वह ट्रिपल सी (कलर, कट, क्लैरिटी) मानकों पर खरा उतर रहा हो।

## फंकी लुक और पार्टी वेयर 'किमोनो' है ट्रैंड में

फैशन जगत में भी लुक ईस्ट पॉलिसी पर फोकस किया जा रहा है। जापानी गुड़िया पर सजने वाली चीजें अब दुनिया के हर कोने के साथ-साथ भारत में भी खासी पसंद की जा रही हैं। 'किमोनो' भी इनमें से एक है। जो बहुत ही ट्रेंडी हैं। इस ढीले-ढाले परिधान को किसी भी ड्रेस के ऊपर पहना जा सकता है। इसे मॉडर्न आउटफिट कम टेड्रिशनल कहा जा रहा है। बॉलीवुड हमेशा से ही ट्रेंड सेटर रहा है। दीपिका पादुकोण ने 'किमोनो' को भी काफी पापुलर बना दिया है। गल्सज़ अपने आप को डिफरेंट और अट्रैक्टिव दिखाने का प्रयास कर रही हैं, इसलिए यूनिक और स्टाइलिश 'किमोनो' टॉप्स में हैं। ये काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। अब गर्ल्स भी 'किमोनो' टॉप्स में नजर आ रही हैं जो की उन्हें अट्रैक्टिव लुक दे रहा। ये लुक टीनेजर्स को बहुत लुभा रहा है। 'किमोनो' टॉप्स कलरफूल और सिम्पल लुक में भा रहे हैं। प्लेन और प्रिंटेड 'किमोनो' को जींस या पैंट्स के ऊपर पहन सकते हैं।

### स्टाइलिश क्रेप व 'किमोनो' चलन में

कैजुअल लुक, फंकी लुक और पार्टी वेयर लुक के अलावा स्टाइलिश क्रेप और 'किमोनो' काफी चलन में है। नेट 'किमोनो' भी प्रचलित में है। मिनी स्कर्ट या शॉर्ट्स, फुल स्किनी ट्राउजर के साथ इसे कैरी कर सकते हैं और इसमें अटैच बेल्ट से इसे कमर में टाइट कर सकते हैं। ये बैक साइड से पूरा कवर होता है और सामने से हाफ ओपन होता है ताकि अंदर जो जीन्स और स्कर्ट पहना है वो नजर आ सके। ये गर्ल्स को स्टाइलिश लुक दे। जापानी 'किमोनो' का डिजाइनर आउटफिट्स काफी लड़कियों को लुभा रहा है जो स्लीवलेस कुर्ती और टी सर्ट के साथ कैरी किया जा रहा है।

### फॉलो कर रही हैं

इस सीजन में सबसे ज्यादा चलन में है तो वो है 'किमोनो'। गर्ल्स ये ट्रेंड फॉलो कर रही हैं। यही नहीं इसमें भी नए-नए इन्नोवेशन देखने को मिल रहे हैं।

इसे जींस के साथ कैरी किया जा सकता है तो वहीं प्लाजो के साथ भी इसे पहना जा सकता है। कैजुअल लुक, फंकी लुक और पार्टी वेयर लुक के लिए भी इसे ट्राय कर सकते हैं। ये नया ट्रेंड है और कूल भी है।



## ईशान आईपीएल में असफल हुए तो टी20 विश्वकप से होंगे बाहर



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज ईशान किशन के पास इस आईपीएल सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का अंतिम अवसर है। अब देखना है कि वह इसका कितना लाभ उठा पाते हैं। अभी तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पहले तीन मैचों में उनके नाम केवल 50 रन ही है और अगर वह इसी प्रकार खेलते रहे तो वापसी उनके लिए संभव नहीं होगी। आईपीएल के बाद भारतीय टीम सीधे ही टी20 विश्व कप में जाएगी। ईशान दक्षिण अफ्रीका में खेली गई सीरीज के बाद ही भारतीय टीम से बाहर हो गये थे।

## विविधता के लिए अपनी गति को कम न करें मयंक : इशांत



**बेंगलुरू।** सीनियर साथी इशांत शर्मा ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से धूम मचाने वाले युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को अपनी तेज रफ्तार से समझौता नहीं करने को कहा है। इशांत के अनुसार आमतौर पर युवाओं को गेंदबाजी में विविधता जोड़ने के लिए गति कम करने की सलाह दी जाती है पर मेरा मानना है कि मयंक को ऐसा नहीं करना चाहिये। मयंक ने रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आईपीएल के वर्तमान सत्र की सबसे तेज गेंद फेंकी थी। मयंक को इसके बाद इशांत और एक अन्य तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने भी गेंदबाजी को लेकर अहम सलाह दी हैं। मयंक ने कहा,'दिल्ली में मैंने जितने भी गेंदबाजों से बात की उनमें इशांत और सैनी ने मुझसे कहा कि कि अगर मैं कुछ नया जोड़ना चाहूं, तब भी इसी गति से गेंदबाजी करता रहूं।

# दिल्ली की हार के बाद बरसे कोच रिकी पोंटिंग

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में बुधवार 3 अप्रैल को खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम को मिली हार से हर कोई हैरान है। टॉस जीतकर इस दिल्ली के खिलाफ मैच में कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टीम के प्रमुख स्पिनर सुनील नरेन से गौतम गंभीर ने फिर से ओपनिंग कराई और उन्होंने आकर 39 गेंद पर 85 रन की पारी खेल डाली। कोलकाता ने शुरुआती 11 ओवर में 150 रन ठोक डाले। डेब्यू करने उतरे अंगक्रिश रघुवंशी ने भी तेज अर्धशतक जमाया। आखिर में आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह की पारी की बदौलत टीम 272 रन तक पहुंचने में कामयाब हुई। टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कोलकाता



नाइट राडर्स से 106 रन से मिली हार को अस्वीकार्य और निराशाजनक बताया। उन्होंने टीम के कप्तान ऋषभ पंत समेत तमाम गेंदबाजों की जमकर लताड़ा और पूरी टीम को फटकार लगाई है।

दिल्ली कैपिटल्स ने पहले केकेआर को सात विकेट पर 272 रन बनाने दिए और बाद में पूरी टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। पोंटिंग ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' अभी इसकी समीक्षा करना मुश्किल है।

### फुटबॉल



लिवरपूल, ब्रिटेन में फुटबॉल प्रीमियर लीग के मैच के दौरान लिवरपूल बनाम शेफ़ील्ड यूनाइटेड – एनफ़ील्ड में शेफ़ील्ड यूनाइटेड के विलियम ओ के साथ एक्शन में लिवरपूल के इब्राहिमा कोनाटे।

### दोनों की टीम के लिए सिरदर्द बना उनका टॉप ऑर्डर

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला आज

**जयपुर, एजेंसी**

खराब फॉर्म से दो चार हो रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है, जो उसके खराब प्रदर्शन को दिखाता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है, लेकिन इसके बाद भी उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं, लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक सहित 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं, लेकिन कोहली को दूसरे छोर से किसी भी खिलाड़ी का सहयोग




नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाए लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। कैमरून ग्रीन की जगह प्लेइंग इलेवन में विस्फोटक बल्लेबाज विल जैक्स को शामिल किया जा सकता है। मयंक डागर की जगह लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को मौका मिल सकता है। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आए थे, लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यहीं कहानी है। बटलर ने तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी।

गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है,उसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। पिछले मैच में फिटनेस की वजह से नहीं खेलने वाले संदीप शर्मा की वापसी हो सकती है। संदीप, आवेश या चहल में से किसी एक का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में होगा।

## भारत, दक्षिण अफ्रीका में डोपिंग के सबसे अधिक मामले मिले : वाडा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में भी अब खेलों में डोपिंग के मामले तेजी से बढ़ रह हैं। इसका कारण खिलाड़ियों का अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबंधित दवाओं का प्रयोग माना जा रहा है। वहीं कई बार अनजाने में ली गयी दवा से ये प्रतिबंधित पदार्थ खिलाड़ी के अंदर चले जाते हैं जिसके कारण भी वह जांच में पॉजिटिव निकल जाते हैं।

विश्व की डोपिंग रोधी संस्था वाडा ने कहा है कि भारत में खिलाड़ियों के डोपिंग में असफल रहने के सबसे ज्यादा मामले सामने आये हैं। वाडा के अनुसार 2000 या अधिक टेस्ट कराने वाले देशों में भारत में डोपिंग के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किये गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका इसमें दूसरे नंबर पर है। वाडा के अनुसार भारत में 3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव पाये गये। ये नमूनों की संख्या का 3.2 फीसदी है।

वहीं नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है पर डोपिंग के मामले रूस 85, अमेरिका 84, इटली 73 और फ्रांस 72 जैसे देशों से ज्यादा हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 फीसदी पॉजीटिव रहे जबकि तीसरे स्थान पर कजाखस्तान रहा उसके खिलाड़ियों के 2174 नमूनों में से 1.9 फीसदी पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन के रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की गयी। उसके पॉजिटिव खिलाड़ियों की तादाद म 0.2 फीसदी रही। रूस में10186 नमूनों की जांच की और 0.8 फीसदी पॉजिटिव पाये गये।

# बिजनेस

### रिकॉर्ड स्तर से फिसले सोने-चांदी के भाव

# सोना 69 हजार, चांदी 79 हजार रुपए के करीब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते कई दिनों से लगातार बढ़ रहे सोने-चांदी के वायदा भाव में शुक्रवार को नरमी देखने को मिल रही है। देश के बाजारों में सोने के वायदा 69 हजार रुपये और चांदी के वायदा भाव 79 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै?श्विक बाजारों में भी शुक्रवार को सोने और चांदी की वायदा कीमतों में नरमी देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 410 रुपये की गिरावट के साथ 69,297 रुपये के भाव पर



खुलकर 302 रुपये की गिरावट के साथ 69,405 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 645 रुपये की गिरावट के साथ 79,339 रुपये के भाव पर खुलकर 1,059 रुपये की गिरावट के साथ 78,925 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वै?श्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तो तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव में गिरावट देखी जाने लगी। चांदी के वायदा भाव नरमी के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,309.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,308.50 डॉलर था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 11.90 डॉलर की गिरावट के साथ 2,296.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसने गुरुवार को 2,324.80 डॉलर के भाव पर उच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.06 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 27.24 डॉलर था।

# लगातार सातवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं: शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करते हुए 6.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी ने वृहद आर्थिक परिस्थितियों की समीक्षा करने के बाद बहुमत से रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला लिया है। एमपीसी के 6 सदस्यों में से 5 ने रेपो रेट में बदलाव नहीं करने का फैसला लिया।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली एमपीसी बैठक 3 अप्रैल को शुरू हुई थी। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। ऐसे में विशेषज्ञ पहले ही संभावना जता रहे थे कि इस बार भी ब्याज दरों और आरबीआई के रुख में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। महंगाई दर और आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता को देखते हुए रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत की अगुवाई में कमेटी ने ब्याज दरें स्थिर रखने का फैसला किया है।

आरबीआई की रुख में बदलाव नहीं होना बताता है कि केंद्रीय बैंक ने अभी भी महंगाई दर को नियंत्रित



करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया हुआ है। केंद्रीय रिजर्व बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो रेट में बढ़ोतरी की थी।

इस बढ़ोतरी के बाद रेपो रेट 6.5 प्रतिशत कर दी गई। इसके बाद लगातार 7 बार केंद्रीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हो चुकी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर क्रमशः 8.2 और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी।

## रुपया छह पैसे गिरकर 83.45 प्रति डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.45 पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक समीक्षा से पहले बाजार भागीदार सतर्क रहे। छह सदस्यीय समिति ने बुधवार को विचार-विमर्श शुरू किया था और शुक्रवार को निर्णय की घोषणा करेगी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भी स्थानीय इकाई पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद वह फिसलकर 83.45 प्रति डॉलर आ गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.39 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.33 पर कारोबार कर रहा था।

## रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति अस्वीकार्य थी और रहेगी: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति देना उसे हमेशा से ही अस्वीकार्य था और रहेगा। अमेरिका ने कहा कि पश्चिमी देशों की ओर से रूस के पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें तय करने का उद्देश्य मॉस्को को कम दाम पर तेल बेचने के लिए मजबूर करना है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका ने भारत को रूस से आयात किए जाने वाले तेल की मात्रा कम करने के लिए नहीं कहा है। आर्थिक नीति से जुड़े अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एरिक वान नोस्ट्रैंड ने अनंता केंद्र में एक परिचर्चा के दौरान यह बात कही। नोस्ट्रैंड ने कहा कि जी-7 समूह देशों की ओर से रूसी तेल की कीमतों को तय करने से जहां यूक्रेन में युद्ध की खातिर रूस को धन जुटा पाना मुश्किल हुआ, वहीं यूरोप और उभरते बाजारों में ऊर्जा की आपूर्ति को स्थिर बनाने में भी मदद मिली। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि भारत जैसे उभरते बाजारों को वैश्विक बाजारों की तुलना में कम कीमत पर उपलब्ध रूसी तेल से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि रूसी तेल की कीमतें तय करने का उद्देश्य एक ऐसे बाजार विकसित करना रहा है जहां रूस भारी रियायती दर पर निश्चित मात्रा में तेल की आपूर्ति करे तथा उसे मुनाफा भी कम से कम हो। गौरतलब है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के मद्देनजर जी-7 समूह और उसके सहयोगी देशों ने मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से दिसंबर 2022 में रूसी तेल की कीमतों को तय किया था।

# सेंसेक्स 20 अंक बढ़कर 74248 पर बंद, निफ्टी 22513 पर बंद हुआ

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में शुक्रवार (5 अप्रैल) को मामूली बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 20 अंक की बढ़त के साथ 74,248 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में कोई बढ़त या गिरावट नहीं रही। ये फ्लैट 22,513 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी देखने को मिली। इससे पहले कल यानी 4 अप्रैल को शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई बनाया था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 74,501 का और निफ्टी ने 22,619 का स्तर छुआ था। ।ष्ठस्नष्ट बैंक के शेयर में कल 3.15 प्रतिशत की तेजी रही थी।

भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग, यानी IPO पब्लिक




सब्सक्रिप्शन के लिए आज यानी 5 अप्रैल को आखिरी दिन है। ये IPO 3 अप्रैल से ओपन हुआ था। 12 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे।

इस IPO के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 26 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने IPO का प्राइज बैंड ?542-?570 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 570 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 338 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

इससे पहले कल यानी 4 अप्रैल को शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई बनाया था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 74,501 का और निफ्टी ने 22,619 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 350 अंक की तेजी के साथ 74,227 के लेवल पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 80 पॉइंट की तेजी रही, ये 22,514 के स्तर पर बंद हुआ था।

# आरबीआई जल्द शुरू करेगा यूपीआई के जरिए कैश डिपॉजिट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि आरबीआई जल्दी ही यूपीआई से कैश डिपॉजिट मशीन में पैसे जमा करने की सेवा की शुरुआत कर सकता है। गवर्नर ने ये घोषणा नई मॉनेटरी पॉलिसी के दौरान की। गौरतलब है कि मौजूदा समय में एटीएम से यूपीआई से कैश निकालने की सुविधा है। आप आसानी से किसी भी बैंक के एटीएम पर कैशलेस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। फिलहाल आरबीआई की ओर से कैश डिपॉजिट मशीन में पैसे जमा करने की सुविधा जल्द शुरू करने का ऐलान किया गया है। हालांकि ये सुविधा कब तक शुरू होगी। इसके लिए कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई है। आरबीआई गवर्नर की ओर से कहा गया कि आरबीआई रिटेल डायरेक्ट में जल्द ऐप लांच करेगा। इसके जरिए निवेश आसानी से सीधे आरबीआई के साथ सरकारी सिक्योरिटी में निवेश कर सकते हैं। मौजूदा समय में आप आरबीआई पोर्टल के जरिए सीधे सरकारी सिक्योरिटी में निवेश करने के लिए केंद्रीय बैंक के पास अकाउंट खोल सकते हैं। आरबीआई की ओर से अप्रैल 2024 की मॉनेटरी पॉलिसी मे रेपो रेट को यथावत 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। इसके साथ ही एसडीएफ और एमएसएफ को 6.25 प्रतिशत और 6.75 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। इसके अलावा गवर्नर ने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com

## न्यूज इन शॉर्ट

### पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने कार्यकर्ताओं को दी शुभकामनाएं

**विजय मत, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रवाद के जिस ध्येय को लेकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी को आगे बढाने का काम किया, उसी परंपरा का निर्वाह हम सभी पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश प्रथम, उसके बाद दल और अंत में हम स्वयं को रखते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी का हर कार्यकर्ता प्राणप्रण के साथ जुटकर प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत हासिल कर इतिहास बनायेंगे और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### नरवाई न जलाएं - खेत में जीवांश बचाएं

**विजय मत, भोपाल।** जिला किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषकों में जागरूकता बनायें रखने के लिए बताया गया कि फसल कटाई के पश्चात इसका एक बहुत बड़ा हिस्सा अवशेष के रूप में अनुपयोगी रह जाता है, जो नवकरणीय ऊर्जा का स्त्रोत होता है। इस तरह के फसल अवशेषों की मात्रा लगभग 62 करोड़ टन है। इसका आधा हिस्सा घरों एवं झोपड़ियों की छत निर्माण, पशु आहार, ईंधन एवं पैकिंग के लिए उपयोग में लाया जाता है। आज कृषि के विकसित राज्यों में सिर्फ 10 प्रतिशत किसान ही अवशेषों का प्रबंधन कर रहे हैं। तकनीकों की जानकारी के अभाव एवं कुछ किसान जानकारी होते हुये भी अनभिज्ञ बनकर फसलों अवशेषों को जला रहे हैं साथ ही कटाई के उपरांत खेतों में पड़े दाने, गेहूं, चावल जैसी फसलों के डंठल या नरवाई जला देते हैं, जिससे नरवाई ही नहीं जलती बल्कि भूमि के अंदर उपस्थित सभी सूक्ष्म जीव तापक्रम बढ़ने से नष्ट हो जाते हैं। फसल अवशेषों को जलाना न सिर्फ किसानों के लिये हानिकारक है अपितु म.प्र. शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय द्वारा 05 मार्च 2017 को नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम में 2500 रूपए, दो एकड़ से पांच एकड़ तक 5000 हजार रूपयें एवं पांच एकड़ से अधिक पर नरवाई जलाने में 15 हजार रूपयें का जुर्माना लगाने का प्रावधान भी है।

### कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शिकार के उद्देश्य से बन्दूक के साथ अवैध प्रवेश करने वाला फरार आरोपी गुना जिले से गिरफ्तार

**विजय मत, भोपाल।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) मध्यप्रदेश की शिवपुरी इकाई एवं कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर के अमले के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये 3 अप्रैल, 2024 को ग्राम खेरीखता तहसील बमोर जिला गुना से वन अपराध प्रकरण क्रमांक 32702/10 9 मार्च, 2024 में फरार आरोपी रामसिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। मार्च माह में कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अंदर कूना नदी के किनारे स्थानीय अमले के द्वारा गश्ती के दौरान एक व्यक्ति को आग्नेय शस्त्र (बन्दूक) एवं विस्फोटक सामग्री के साथ देखा, जिसे पकडने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी के द्वारा गश्ती कर रहे अमले पर प्रहार कर मौके से भाग गया। अमले द्वारा घटना स्थल की तलाशी लेने पर आरोपी से संबंधित मोबाइल, बारूद अन्य आपत्तिजनक सामाग्री मौके पर प्राप्त हुई जिसे विधिवत जप्त किया गया। उक्त जप्त सामाग्री के आधार पर आरोपी के पहचान की पुष्टि की गई तथा पतासाजी के लिये तलाशी अभियान चलाया गया। लगभग एक माह के संयुक्त प्रयास के द्वारा उक्त फरार आरोपी को गुना जिले से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी को स्थानीय न्यायालय में प्रस्तुत कर 3 दिन की रिमांड पर लिया गया है।

### विभिन्न अनुमतियों के लिए सक्षम अधिकारी नियुक्त

**विजय मत, भोपाल।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भोपाल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी समस्त जिला भोपाल को निर्देश दिए हैं कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषण के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावीशल है एवं विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये है जिसके अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य, सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना प्रदर्शन, जुलूस, वाहन, साधारण रैली आदि का आयोजन नहीं कर सकेगा। लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों, व्यक्तियों आदि को चुनाव प्रचार-प्रसार के उपयोग के लिए वाहनों, आमसभा, जूलूस, हैलीपेड एवं अन्य कार्यों के लिए संबंधित क्षेत्रांतर्गत अनुमतियां जारी करने के लिए संबंधित अनुभागीय अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी को सक्षम अधिकारी बनाया गया है। निर्देशित किया जाता है कि अपने क्षेत्रांतर्गत उपरोक्त संबंधित प्राप्त होने वाले समस्त आवेदनों का भली भांति परीक्षण करते हुए निर्वाचन के प्रावधानों, लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रभावशील आदर्श आचारण संहिता एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के प्रावधानों के अनुसार ही समस्त अनुमतियां जारी करेंगे। इस आदेश का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

### सवारी आटो से 65 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**विजय मत, भोपाल।** पुलिस ने उक्त शराब और वारदात में प्रयुक्त आटो को जब्त कर लिया है। आरोपी आटो चालक दीपक रावत निवासी मल्टी बाजपेयी नगर शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। वह पहले से आबकारी के एक मामले में फरार चल रहा था। भोपाल। कोहेफिजा पुलिस ने सवारी आटो में लादकर ले जाई जा रही 65 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब जब्त की है। इस मामले में आटो चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक सवारी आटो में अवैध रूप से शराब लादकर लालघाटी की तरफ आने वाला है। सूचना के बाद सतर्क हुई पुलिस टीम ने संदेही आटो चालक को रोककर तलाशी ली तो शराब से भरे कार्टून मिले।

**सत्ता के लिए नहीं, एक विचारधारा के लिए काम करती है भारतीय जनता पार्टी**

# भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए 'अबकी बार चार सौ पार' के लक्ष्य को हासिल करना हैः देवड़ा

**विजय मत, ब्यूरो, धार**

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने अनुसूचित जनजाति समाज के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को लेकर हमारी कार्ययोजना, तैयारियां व अन्य सांगठनिक विषयों पर चर्चा की तथा सुझावों का आदान-प्रदान किया।



बैठक को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय संगठन ने धार-महू लोकसभा चुनाव क्षेत्र से अनुसूचित जनजाति समाज की एक सामान्य महिला कार्यकर्ता श्रीमती सावित्री ठाकुर को मौका दिया है। यह जनजातीय समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। हम विश्व की सबसे बड़े दल के कार्यकर्ता हैं, जिसका नेतृत्व विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि एक विचारधारा के लिए काम करती है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्वगुरु के आसन पर स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन इस संकल्प की पूर्ति के लिए 'अबकी बार, 400 पार' के नारे को साकार करना हम सबका दायित्व है। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने सेना के रिटायर्ड मेजर डाबर का सम्मान किया।

इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा, पूर्व मंत्री जगदीश मुवेल, पार्टी के प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, लोकसभा चुनाव प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार, संयोजक प्रभु राठौर, जिला प्रभारी श्याम बंसल,,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, विधायक कालूसिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह बघेल, शैलेंद्र सिंह अलावा सहित जनजाति समाज के प्रमुख 50 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**कांग्रेस ने 70 सालों तक सरकार चलाई लेकिन आदिवासियों को मान-सम्मान नहीं दिया**

# मोदी के नेतृत्व में कांग्रेस के चारों खाने चित हो गएः डॉ. मोहन यादव

**विजय मत, ब्यूरो, मंडला**

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना इसलिए जरूरी है क्योंकि देश के अंदर आदिवासी समाज का मान- सम्मान अगर किसी ने बढ़ाया तो नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया। कांग्रेस ने 70 सालों तक देश में सरकार चलाई लेकिन आदिवासी समाज के किसी भाई बहन को न मान दिया, न सम्मान दिया। भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश को आदिवासी परिवार से राष्ट्रपति मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक स्कूल में शिक्षिका थीं वो आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में सबसे बड़े पद पर सुशोभित हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व का कमाल है जो सबका साथ सबका विकास के



मंत्र को सार्थक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडला से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में बीजाडांडी में सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछली विधानसभा चुनाव के समय भी जब मोदी ने कहा, एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। ये नारा ऐसा चला की कांग्रेस के चारों खाने चित्त हो गए। इस नारे को स्वीकार करते हुए 163 से ज्यादा सीट मिली और प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी।

***माता- बहनों का सम्मान हमारी संस्कृति है...*** *उन्होंने कहा दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो अपनी संस्कृति को माता संस्कृति से जोड़ते हैं। हमने तो संपूर्ण वसुधा को माता माना है। देश के अंदर माताओं-बहनों को सम्मान देना हमारी संस्कृति ने हर कदम पर सिखाया है। इसलिए बहनों के लिए हमने लगातार योजना बनाई। अब सिलाई कारखाने डाले जा रहे हैं, उन कारखानों में 4 हजार बहनो को रेडीमेड गारमेंट्स की फैक्ट्री में भी काम मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप चिंता मत करना यह मंडला में भी डाली जाएगी। हमारी सरकार ने निर्णय किया है आने वाले समय में कि जिनके पास गाय भैंस है उनको और जिनके पास गाय भैंस नहीं है उनको भी गाय भैंस देकर पशुपालन के माध्यम से मदद करेंगे। हमारी सरकार ने निर्णय किया कोदो कुटकी पर 1 हजार रू प्रति क्विंटल का बोनस मिल रहा है। दूध के उत्पादन पर भी प्रति लीटर बोनस देने का काम हमारी सरकार करेगी।*

### यह वीरांगनाओं की भूमि है

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र वीरांगना दुर्गावती और रानी अवंतीबाई की वीरता और पराक्रम से जाना जाता है। एक ने मुगलों के दांत खट्टे किए और दूसरे ने अंग्रेजों को ठिकाने लगाया। इस क्षेत्र की मिट्टी में ऐसा कुछ है जो शूरता, वीरता, बहादुर, पराक्रम और पुरुषार्थ की पराकाष्ठा करके नया इतिहास बनवाता है।

### कुछ हस्ती है कि मिटती नहीं हमारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं है यह पूरे देश का मान और सम्मान बढ़ाने वाला चुनाव है। दुनिया में भारतीय संस्कृति अलग प्रकार से जानी जाती है। उन्होंने इकबाल की पक्तिंयों को दोहराते हुए कहा कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। कई आए और कई गए, हर दौर में कोई हंसता खिलखिलाता है, दुनिया के सभी संकटों से मुकाबला करने वाला समाज अगर कोई है तो वह भारतीय समाज है।

## ये चुनाव नहीं धर्म और अधर्म के बीच संग्राम हैः ज्योतिरादित्य सिंधिया



**विजय मत, ब्यूरो, गुना**

भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम कर रहा है। यह आपका बूथ नहीं क़िला है और आप बूथ के कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि सेनापति हैं। चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भारत को विश्व गुरु बनने के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाने के लिए मोदी जी को विजयी बनाना है। कांग्रेस ने पिछले पैंसठ साल में रोटी, कपड़ा और मकान का नारा दिया पर किसी के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस ने जहां पैंसठ सालों में तीन करोड़ आवास भी नहीं बनाए वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दस साल में ही चार करोड़ गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराये हैं। यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जो कहती है वह करके दिखाती है। यह बात केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना के बमौरी विधानसभा के उमरी एवं बमौरी में बूथ समिति के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। केन्द्रीय सिंधिया ने विभिन्न बैठकों को भी संबोधित किया।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस जातिवाद की राजनीति करती है। कांग्रेस ने हमेशा देश को जाति-धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं कि उनके लिए सिर्फ़ चार जाति हैं- किसान, युवा, गरीब व महिला और इन सभी का उत्थान करने का उनका संकल्प है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि मैंने कांग्रेस सरकार गिराकर ठीक किया या नहीं तो उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा ÷बहुत अच्छा किया÷। उन्होंने कहा कि अगर मैं सरकार नहीं गिराता तो लाड़ली बहनों के पैसे, किसान निधि के पैसे, आवास के पैसे छोटा भाई, मोटा भाई (दिग्विजय सिंह एवं कमलनाथ) के जेबों में चले जाते।

## साहू समाज हर्षोल्लास से मना रहा मां कर्मा जयंती, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज हुए शामिल

**विजय मत, भोपाल**

साहू समाज शुक्रवार को अपनी आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती मना रहा है। मुख्य कार्यक्रम पुराने शहर के घोड़ा नक्कास मां कर्मा देवी मंदिर में चल रहा है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भी साहू समाज मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना कर रहा है। शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। मां कर्मा देवी की यह 1008वीं जयंती है। इस मौके पर घोड़ा नक्कास स्थित मां कर्मा देवी मंदिर से सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद मंदिर में मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना का दौर शुरू हुआ। घोड़ा नक्कास मां कर्मा देवी मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक रामेश्वर शर्मा, भोपाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग पहुंचे और मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव रात आठ बजे साहू समाज के बीच पहुंचेंगे।



कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि साहू समाज देश की प्रगति में अहम योगदान निभा रहा है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी एक ऐसा नेता हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। डबल इंजन की सरकार में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि साहू समाज की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। प्रधानमंत्री ने नरेन्द्र मोदी ने समाज ही नहीं पूरे देश को आगे बढ़ाया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। मां कर्मा देवी की जगह-जगह शोभा यात्राएं निकल रही हैं। उनके जीवन पर आधारित झांकियां, बैंड शामिल हैं। इस मौके पर खिचड़ी का भोग लगाकर वितरित किया जा रहा है। इसी दिन मां कर्मा देवी के जीवन पर आधारित फिल्म भी प्रदर्शित की जा रही है।

### चुनाव ड्यूटी के दौरान मतदान/सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान/सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं। आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास/कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा।

## लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर अंतर जिला बॉर्डर मीटिंग संपन्न

**कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा**



**विजय मत, भोपाल**

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर भोपाल लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने एवं अंतर जिला सीमा पर गतिविधियों की निगरानी पर चर्चा के लिए गुरुवार को कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अंतर जिला बॉर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया।

बैठक सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। मीटिंग में जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में निगरानी रखने, अवैध शराब और अन्य गतिविधियों में लिप्त बदमाशों, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने पर चर्चा की गई। साथ ही सीमावर्ती चेक पोस्टों पर लगातार वाहनों की चेकिंग करने, चेक पोस्टों पर सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखने, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने, सीमावर्ती थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों के आपसी समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की गई।

**खास-खबर** **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह ने डीजीपी सक्सेना को तेलंगाना के डीजीपी द्वारा प्रदत्त प्रतीक चिन्ह भेंट किया**

## डीजीपी ने पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर डीएसपी यादव को किया सम्मानित

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश पुलिस की बैडमिंटन टीम ने हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद स्टेडियम में 17 से 22 मार्च 2024 तक आयोजित 16वीं अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन स्पर्धा में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने वाले मध्य प्रदेश पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक देवेंद्र यादव को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पुलिस मुख्यालय में पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

यादव ने बढ़ाया मध्य प्रदेश पुलिस का मान – डीजीपी



इस अवसर पर डीजीपी सक्सेना ने टीम का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देवेंद्र यादव ने मध्य प्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया है। उन्होंने टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दीं और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक प्राप्त करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश पुलिस की बैडमिंटन टीम के कप्तान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह ने डीजीपी सुधीर सक्सेना को तेलंगाना के डीजीपी द्वारा प्रदत्त प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। स्पर्धा में 29 राज्यों एवं अर्धसैनिक बलों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## मप्र कांग्रेस को कार्यवाही हेतु मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली भेजी शिकायत, की कार्यवाही की मांग

**विजय मत, भोपाल**



लोकसभा क्षेत्र 08-खजुराहो, मध्यप्रदेश में इंडिया गठबंधन से संबद्ध समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती मीरा दीपक यादव का नामांकन फार्म गलत तरीके से निरस्त करने के कारण रिटर्निंग आफिसर सुरेश कुमार को तत्काल निलंबित करने के संबंध में प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को एक शिकायती पत्र लिखा है।

धनोपिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के आम चुनाव के अंतर्गत पूरे देश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। लोकसभा क्षेत्र 08-खजुराहो में मध्यप्रदेश से समाजवादी पार्टी की ओर से प्रत्याशी श्रीमती मीरा दीपक यादव द्वारा दिनांक 4 अप्रेल, 2024 को अपना नामांकन फार्म निर्धारित समय अवधि में पन्ना जिला निर्वाचन कार्यालय में रिटनिंग आसिफर सुरेश कुमार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। नामांकन फार्म प्रस्तुत करते समय मान. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियम है कि नामांकन फार्म को प्राप्त करते समय रिटर्निंग आफिसर की ड्यूटी है कि वह नामांकन फार्म को अच्छी तरह से देखे एवं फार्म में जो त्रृटि है वह प्रत्याशी को चेक लिस्ट के माध्यम से स्कूटनी के समय प्रस्तुत करने के लिए सूचित करेगा एवं यदि कहीं पर हस्ताक्षर नहीं हुए है तब वह प्रत्याशी से अपने समक्ष हस्ताक्षर कराएगा।